

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 प्रभास की शादी की खबरों को लोगों ने बताया पब्लिसिटी स्टंट

P8 दिल्ली शराब नीति से 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान

# महाराष्ट्र की सियासत में होगा 'खेला'

दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के अलग-अलग चुनाव लड़ने के बाद जहां इंडिया गठबंधन के होने पर सवाल खड़े हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी (एमवीए) में तल्खी बढ़ती जा रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के राजनीति में कोई स्थायी शत्रु नहीं वाले बयाने बयान पर उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेता संजय राउत ने जहां बिहार के नीतीश कुमार के जिक्र करते हुए कहा है वे बीजेपी के कट्टर दुश्मन थे। आज वे साथ हैं। ऐसे में कुछ भी हो सकता है। तो वहीं दूसरी तरफ उन्होंने यह कह एमवीए में तल्खी को बढ़ा दिया है कि शिवसेना यूबीटी मुंबई से लेकर नागपुर से निगम चुनाव अकेले लड़ने में सक्षम है। अजित पवार गुट की एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कुछ 'खेला' होने की बात कहकर हलचल पैदा कर दी है।

- पार्टी अकेले चुनाव लड़ने में सक्षम: राउत
- बड़ा खेल होने वाला है: तटकरे



## हिंदुत्व के मुद्दों को धार देने में आसानी

शिवसेना शुरू से ही मराठी मानुष और हिंदुत्व के मुद्दों की राजनीति करती रही है। मुंबई और उसके आसपास इसका असर भी देखने को मिलता रहा है। शिवसेना का मुंबई और कोकण इलाकों में इसी वजह से मजबूत जनाधार रहा है। महाविकास अघाडी में रहने की वजह से उद्धव खुलकर हिंदुत्व के मुद्दे पर नहीं खेल पा रहे थे। हाल ही में बाबरी विध्वंस की बरसी पर उद्धव के करीबी मिलिंद नार्वेकर ने एक पोस्ट शेयर किया था, जिस पर कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं ने नाराजगी जाहिर की थी। कहा जा रहा है कि कांग्रेस से अलग रास्ता कर उद्धव अब हिंदुत्व के मुद्दों को और ज्यादा धार देंगे।

## भविष्य में फैसले लेने में आसानी होगी

दो दिन पहले उद्धव ठाकरे ने अपने एक बयान में कहा था कि राजनीति में कब क्या हो जाए, कोई नहीं कह सकता है। उद्धव की पार्टी बीएमसी में अलग लड़ भविष्य की सियासत को भी साध रही है। अकेले अगर उद्धव की पार्टी लड़ती है और उसका परफॉर्मेंस ठीक रहता है तो बीएमसी बचाने के लिए नए सिरे से उद्धव की शिवसेना किसी के साथ गठबंधन कर सकती है। उद्धव की शिवसेना का बीजेपी से भी गठबंधन की चर्चा है। दो मौकों पर उद्धव और देवेंद्र फडणवीस के बीच मुलाकात भी हो चुकी है।

## जल्द होगा बड़ा खेला : एनसीपी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अजित पवार गुट की एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने विरोधियों पर तंज कसा है। तटकरे ने कहा कि इंतजार करिए महाराष्ट्र की राजनीति में कुछ बड़ा खेल होने वाला है। शरद पवार गुट के सांसद क्या अजित गुट में शामिल होंगे के सवाल पर तटकरे ने कहा कि इंतजार करिए आने वाले दिनों में कुछ बड़ा होने वाला है। उन्होंने कहा कि शरद पवार गुट के NCP के किसी सांसदों से संपर्क नहीं किया, लेकिन संसद में उनसे बातचीत होती रहती है। अब बातचीत क्या हुई इसका खुलासा नही करना चाहता। उनके सांसद को चुनाव क्षेत्र की काम और विकास के लिए सरकार के साथ रहना है कि नहीं यह उन्हें सोचना है। इंडिया गठबंधन हो या फिर महाविकास आघाडी इनका कोई एक एजेंडा नहीं था।

### 'एजेंडे की वजह से चुनाव में हुई इंडिया गठबंधन की हार'

उन्होंने आगे कहा कि एजेंडा मात्र एक ही था मोदी को हराना इसलिए उनका गठबंधन टुट रहा है। अब उनके नेता महाराष्ट्र में एक दूसरे के खिलाफ बयान बाजी करने में व्यस्त है। जहां तक हमारी बात है पार्टी के सीनियर नेता बैठेंगे और आने वाले स्थानीय नगर निगम चुनाव में गठबंधन को बातचीत करेंगे। हम लोगों में कोई समस्या नहीं है। हम लोगों में सबसे बेहतरीन समन्वय है।

# निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी उद्धव ठाकरे की शिवसेना

अमित बृज | मुंबई

I.N.D.I.A. ब्लॉक में बढ़ती रार के बीच शिवसेना (UBT) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी मुंबई और नागपुर महानगरपालिका के चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा, 'हम मुंबई और नागपुर महानगरपालिका अपने दम पर लड़ेंगे; जो भी होगा, हमें खुद देखना होगा। उद्धव ठाकरे ने हमें संकेत दिया है। मैंने अभी-अभी हमारे नागपुर शहर अध्यक्ष प्रमोद मनमोड़े से इस बारे में चर्चा की है। यह फैसला लोकल लेवल पर पार्टी मजबूत करने के लिए लिया गया है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को मौका नहीं मिलता। इससे पार्टी की ग्रोथ प्रभावित हो रही है। हमें नगर निगम, जिला परिषद और नगर पंचायत में अपने दम पर लड़ना चाहिए और अपनी पार्टी को मजबूत करना चाहिए।'

## हर घर दस्तक अभियान होगा शुरू

उद्धव गुट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के चुनावी फॉर्मूले पर काम करना शुरू कर दिया है। जिस तरह से विधानसभा चुनाव में आरएसएस ने भाजपा के लिए घर-घर जाकर काम किया था। अब उसी की तर्ज पर शिवसेना (उद्धव) ने अपने कार्यकर्ताओं को 'हर घर दस्तक' अभियान शुरू करने के आदेश दिए हैं। संजय राउत के बयान पर कांग्रेस की सांसद और मुंबई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने प्रतिक्रिया दी है। गायकवाड़ ने कहा है कि हम अपने वरिष्ठों के साथ मिलकर यह भी तय करेंगे कि मुंबई से लेकर नागपुर तक नगर निगम चुनाव कैसे लड़े जाएं। वर्षा गायकवाड़ से पहले राज्य में कांग्रेस के दिग्गज नेता विजय वडेट्टीवार ने संजय राउत को आड़े हाथों लिया था। संजय राउत के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के समय पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले से भी मतभेद सामने आए थे।

## क्यों एकला चलेंगे उद्धव?

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे शरद पवार के जरिए ही कांग्रेस के साथ गठबंधन में आए। 2024 विधानसभा चुनाव में हार के बाद पवार को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में पवार को लेकर 2 तरह की चर्चाएं हैं। पहली चर्चा यह है कि शरद पवार और अजित पवार साथ आ सकते हैं। दूसरी चर्चा यह है कि सुप्रिया और शरद को छोड़ बाकी नेता अजित का दामन थाम सकते हैं। शरद पवार के पास 8 लोकसभा सांसद और 10 विधानसभा सदस्य है। पवार के पास वर्तमान में जितेंद्र अह्वाड और जयंत पाटिल की सीनियर नेता बचे हैं। आखिरी वक्त में अगर पवार की पार्टी के साथ अगर कोई गेम होता है तो इसका सीधा नुकसान शिवेसना (यूबीटी) के परफॉर्मेंस पर पड़ेगा। आखिरी वक्त में शिवसेना (यूबीटी) के पास कोई ज्यादा विकल्प भी मौजूद नहीं रहेगा। यही वजह है कि उद्धव अभी से अपना खुद का पिच तैयार करने में जुट गए हैं।

## कांग्रेस का लेटलतीफी वाला रवैया

विधानसभा चुनाव में नामांकन के आखिरी दिनों तक 30 से ज्यादा सीटों पर पेच फंसा रहा। पेच फंसने की वजह कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) में मतभेदों का न सुलझना था। इसका सीधा नुकसान दोनों ही पार्टियों के परफॉर्मेंस पर पड़ा। कांग्रेस 16 सीटों पर सिमट गई। हार के बाद शिवेसना (उद्धव) के अंबादास दानवे और संजय राउत फैसला न लेने को लेकर कांग्रेस पर सवाल उठा चुके हैं। इतना ही नहीं, हार के बाद कांग्रेस ने महाराष्ट्र में बड़ी सर्जरी की तैयारी की थी, लेकिन इसे अब तक अमल में नहीं लाया गया है। कांग्रेस की यह सर्जरी कब होगी और नए सिरे से पार्टी कब मैदान में आएगी, यह अभी भी सवालों में है। इतना ही नहीं, गठबंधन में रहकर उद्धव को कोई ज्यादा फायदा भी नहीं हुआ है। लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटों पर लड़ने के बावजूद उद्धव की पार्टी कांग्रेस से कम सीटें जीत पाई।

## बीएमसी में दावेदारों की लंबी फेहरिस्त

बृहन्मुंबई नगरपालिका पर साल 1995 से शिवसेना का कब्जा है। शिवसेना में टूट के बाद भी मुंबई में उद्धव ठाकरे का मजबूत जनाधार अभी भी शेष है। पिछली बार उद्धव की पार्टी को 84 सीटों पर जीत मिली थी। बीएमसी में पार्षदों की 236 सीटें हैं, जहां महापौर बनाने के लिए 119 सीटों पर जीत जरूरी है। उद्धव मुंबई की सभी सीटों पर जीतकर स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने की कवायद में जुटे हैं। अगर गठबंधन में चुनाव लड़ते तो उन्हें सीट शेयरिंग करनी पड़ सकती थी। इससे बचने के लिए उद्धव ने सभी सीटों पर अकेले लड़ने का फैसला किया है।

## मिलेंगे 2 बिछड़े दोस्त!

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

देवेंद्र फडणवीस और उद्धव के बीच कुछ तो पक रहा है। खुद फडणवीस और उद्धव ने अपने बयानों से इन अटकलों को और हवा दे दी है। खुद देवेन्द्र फडणवीस ने संकेत दिया है कि उद्धव सेना और बीजेपी के बीच गठबंधन हो सकता है। फडणवीस कह रहे हैं कि राजनीति में कुछ भी असंभ नहीं। वहीं उद्धव ठाकरे कहते दिख रहे हैं कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। नागपुर में एक कार्यक्रम में जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से यूबीटी और बीजेपी के साथ आने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ जवाब नहीं दिया। उन्होंने घुमाकर कहा, 'राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है।' फडणवीस का यह बयान इसलिए भी अहम है, क्योंकि उद्धव का सुर भी कुछ ऐसा ही था। जब मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूबीटी चीफ उद्धव से भी यही सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'राजनीति में कुछ भी हो सकता है। नहीं कह सकते कि कल क्या होगा।'

# बिना पार्किंग न मिले किसी को नई कार : परिवहन मंत्री




धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने ठाणे में शनिवार को कहा कि वाहनों की बढ़ती संख्या और लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को कुछ कड़े फैसले लेने पड़ेंगे। सबसे पहले नई कार खरीदते समय कार मालिक को अपनी कार रखने के लिए पार्किंग की व्यवस्था करना अनिवार्य किया जाएगा। वे सड़क सुरक्षा मिशन 2025 के तहत ठाणे आरटीओ कार्यालय की ओर से दादोजी कोंडदेव स्टेडियम में परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में बोल रहे थे।

## यातायात नियमों का पालन जरूरी

परिवहन मंत्री ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है, तो मृतक के परिजनों का दुख बहुत अधिक होता है। दुर्घटना के बाद हम यही चर्चा करते रहते हैं कि दुर्घटना में गलती किसकी है। परिवहन मंत्री सरनाईक ने इस बात पर जोर दिया कि यातायात नियमों का पालन कराया जाएगा। हम वाहन की गति को नियंत्रित रूप से चलाने पर जोर देंगे इससे दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

## स्विट्जरलैंड का उदाहरण

इस टूर्नामेंट का उद्घाटन परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के हाथों से किया गया। मंत्री ने कहा कि मैं स्विट्जरलैंड में घुमावदार रास्तों पर तेज गति से वाहन चलाने वाले ड्राइवर से पूछा कि आपके यहाँ कैसे दुर्घटनाएं कम होती हैं, तो उन्होंने कहा हम हर हाल में यातायात नियमों का पालन करते हैं। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में राज्य की 23 टीमों ने भाग लिया।

# बीजेपी की विधानसभा के बाद अब स्थानीय निकाय पर नजर

- महाविजय 3.0 अभियान की शुरुआत
- महाराष्ट्र बीजेपी का शिरडी में अधिवेशन हुआ शुरू
- पहले दिन सांसदों और विधायकों की बैठकें हुईं



## रवींद्र चव्हाण बनाए गए महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष



धीरज सिंह | मुंबई/शिरडी

महाराष्ट्र में भाजपा ने संगठन चुनावों से पहले राज्य ईकाई में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने डोंबिवली से विधायक रवींद्र चव्हाण का महाराष्ट्र भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभार से लागू होने की बात कही गई है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति लिखा है कि "भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रवींद्र चव्हाण, विधायक को भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी"

## 'महाविजयी प्रदेश अधिवेशन' शुरू

शनिवार को साईंनगरी शिरडी में बीजेपी का 'महाविजयी प्रदेश अधिवेशन' शुरू हो गया। कार्यक्रम में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े के साथ प्रदेश के प्रभारी और संगठन से जुड़े तमाम नेता मौजूद रहे। दो दिन के इस अधिवेशन में गृह मंत्री अमित शाह के पहुंचने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शनिवार शाम सभी भाजपा जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक किया, उसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों और मंत्रियों के साथ बातचीत किया। रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले पहले सत्र की शुरुआत करेंगे, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे।पी। नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संबोधन शामिल होंगे।

## ये नेता रहे मौजूद

पहले दिन अधिवेशन में भाजपा प्रदेश महाधिवेशन की पूर्व संध्या पर शिरडी में मंत्रियों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे, प्रदेश संगठन पर्व प्रभारी रविंद्र चव्हाण सहित बैठक में आमंत्रित सभी लोग उपस्थित थे।

## अहम होगा शिरडी का अधिवेशन

महाराष्ट्र में महाजीत के बाद हो रहे बीजेपी के प्रदेश अधिवेशन में अंतिम सत्र को गृह मंत्री अमित शाह संबोधित कर सकते हैं। उनके 12 जनवरी को शिरडी पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इसके बाद अमित शाह गुजरात के तीन दिन के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह अपने गृह राज्य में उत्तरायण के पर्व से जुड़े कार्यक्रमों में शिकरत करेंगे। बीजेपी के शिरडी अधिवेशन को काफी अहम माना जा रहा है। चर्चा है कि 15 जनवरी को पीएम मोदी अपने महाराष्ट्र के संभावित दौरे में विधायकों की क्लास ले सकते हैं।

# गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे महाराष्ट्र के 23 विशेष अतिथी

दीपक पवार | मुंबई



राष्ट्रीय त्योहार गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस समारोह की परेड देखने के लिए हर साल की तरह इस साल भी पैरालिंपिक दल के सदस्य, बेहतर प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच, हथकरघा कारीगर और वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता समेत करीब 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इसी कड़ी में नई दिल्ली में 76वीं गणतंत्र दिवस परेड का साक्षी बनने के लिए मुंबई के 5 लोगों सहित महाराष्ट्रभर से 23 लोगों को विशेष अतिथी के रूप में आमंत्रित किया गया है। दी गई जानकारी के अनुसार देश भर से 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, जो कर्तव्य पथ पर परेड देखेंगे।

## मुंबई के 5 विशेष अतिथी होंगे शामिल

मुंबई के 5 विशेष अतिथियों में एंटॉप हिल से अतुल हनुमंत जाधव और मुंबई के वसई (पश्चिम) से वैभव नितिन पाटिल को प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के तहत आमंत्रित किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार, कलाकार निवास, भयंदर (पूर्व) से ब्रह्मदेव पंडित (शिल्पगुरु और पद्मश्री से अलंकृत) और अभय ब्रह्मदेव पंडित (राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता) को महाराष्ट्र वस्त्र (हस्तशिल्प) श्रेणी के तहत आमंत्रित किया गया है।

## पूरे भारत से विशेष अतिथी आमंत्रित

बदलापुर (पश्चिम) से आंगनवाड़ी सहायक आयुक्त उज्ज्वला सदाशिवराव पाटिल को महाराष्ट्र महिला एवं बाल विकास (हस्तशिल्प) श्रेणी के तहत आमंत्रित किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूरे भारत से विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने वाले लोग शामिल हैं।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

बता दें कि गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। शनिवार को गांधी मैदान में परेड का रिहर्सल शुरू किया गया, जो 25 जनवरी तक चलेगा। परेड में कुल 16 टुकड़ियां शामिल होंगी। शनिवार को पहले दिन सुबह साढ़े सात बजे ही परेड के रिहर्सल की तैयारी शुरू की गई। वैसे रविवार से सुबह नौ बजे से 11 बजे तक रिहर्सल का कार्यक्रम होगा।

# काले जादू के नाम पर ठगी

## ढोंगी बाबा ने 8.87 लाख रूपये ऐंठे, हुआ गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी में तंत्र-मंत्र और जादू टोना के नाम पर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक ढोंगी बाबा ने महिला को यह विश्वास दिलाया कि उसके पति और बेटे पर काला जादू किया गया है, जिसे दूर करने के लिए मृतक व्यक्ति का शरीर चाहिए। इसके बाद उसने महिला से 8.87 लाख रूपये ऐंठे। पुलिस ने बाबा को गिरफ्तार कर लिया है।

### पैसे वापस ना मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

जब महिला ने कुछ दिन बाद देखा कि उसके पति की तबियत में कोई सुधार नहीं हुआ, तो उसने बाबा से पैसे वापस मांगे। बाबा ने पैसे लौटाने में टालमटोल करना शुरू कर दिया और अंततः महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।



### काले जादू का झूठा इलाज और मालेगांव से मृतक का शव मंगाने की कहानी

पुलिस के अनुसार, मिल्लत नगर निवासी नुसरत अख्तर का पति एक साल से बीमार था, और कई उपचारों के बावजूद उसकी तबियत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। इस दौरान नुसरत अख्तर की मुलाकात एक हजरत बाबा से हुई, जो उनकी दुकान पर ग्राहक बनकर आया था। बाबा ने महिला को बताया कि उसके पति और बेटे पर काला जादू किया गया है और इसे ठीक करने के लिए मृत व्यक्ति का शव चाहिए। बाबा ने महिला को विश्वास दिलाने के लिए एक अंडे पर फूंक मारकर उसमें से लोहे की कील निकालने का दिखावा किया। इसके बाद उसने महिला से कहा कि मृत व्यक्ति का शव मालेगांव से लाना होगा और इसके लिए 10 लाख रूपये की मांग की। बाद में, इस सौदे को 8 लाख रूपये में तय किया गया।

### पुलिस ने ढोंगी बाबा को गिरफ्तार किया

शांतिनगर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और ढोंगी बाबा हजरत अली को गिरफ्तार किया। बाबा का नाम अमजद असद खान है, और उसने मृतक के शव की फोटो गूगल से डाउनलोड कर महिला को भेजी थी। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई सहायक पुलिस निरीक्षक भिगारदिवे द्वारा की जा रही है।

### झूठी कहानी के चलते महिला ने बाबा को लाखों रूपये दिए

बाबा ने महिला को फोन करके कहा कि मृतक का शव आ गया है और इसे गैबी नगर इलाके में एक फ्लैट की चौथी मंजिल पर रखा गया है। उसने महिला को शव की एक फोटो भी भेजी और कहा कि उसे जल्दी ही वापस भेजना होगा, वरना शव से दुर्गंध आने लगेगी। इस झूठी कहानी के आधार पर बाबा ने महिला से 8 .87 लाख रूपये ऐंठे।

# 467 बोतल कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

## गोवा नाका पर पुलिस ने मारा छापा

## 77,777 रुपए की कोडीन कफ सिरप बरामद

शरीफ अंसारी । भिवंडी

ठाणे की एंटी नारकोटिक्स सेल ने भिवंडी के गोवा नाका क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 467 बोतल कोडीन कफ सिरप बरामद की है, जिनकी कुल कीमत 77,777 रुपएबताई जा रही है। यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

### गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने किया ऑपरेशन



पुलिस के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स सेल को गुप्त जानकारी मिली थी कि भिवंडी के गोवा नाका क्षेत्र में कुछ लोग नशीले पदार्थों की बिक्री के लिए आने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने गुरुवार शाम करीब 8:30 बजे गोवा नाका पर जाल बिछाया। उसी समय, कल्याण से भिवंडी जाने वाले मार्ग पर शिवानी ढाबे के पास खड़े दो संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ा और उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से कोडीन कफ सिरप की 467 बोतलें बरामद हुईं।

### आरोपियों के नाम और गिरफ्तारी

पकड़े गए आरोपियों के नाम नौशाद अंसार अहमद शेख (45 वर्ष) और मो. तौकीर फारूक अंसारी (24 वर्ष) हैं, जो क्रमशः वन्जार पट्टी नाका और नायगांव इस्लाम नगर के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### कोडीन कफ सिरप की आपूर्ति का खुलासा होना बाकी

अब पुलिस यह जांच कर रही है कि आरोपियों को इतनी बड़ी मात्रा में कोडीन कफ सिरप कहां से मिली और वे इसे किसे बेचने वाले थे। मामले की आगे की जांच ठाणे के अपराध शाखा, एंटी नारकोटिक्स सेल के सहायक पुलिस निरीक्षक जगदीश गावित कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ सहायक सरकारी वकील



**रत्नागिरी।** राज्य के कोंकण संभाग में रत्नागिरी जिले के खेड़ स्थित प्रथम श्रेणी न्यायालय में कार्यरत विशेष सहायक सरकारी वकील राजेश देवराम जाधव को रत्नागिरी भ्रष्टाचार प्रतिबंधक दस्ते ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी 9 जनवरी 2025 को ओएसिस होटल में शिकायतकर्ता से डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते समय की गई। ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो के अनुसार, शिकायतकर्ता का मामला खेड़ के प्रथम श्रेणी न्यायालय में विचाराधीन था, जिसमें सरकारी पक्ष से सहायक सरकारी वकील राजेश जाधव पैरवी कर रहे थे। आरोपी ने शिकायतकर्ता से कहा कि वह बिना किसी जांच के केवल महत्वपूर्ण मुद्दों को देखकर आरोपी को निर्दोष छुड़ा सकते हैं, इसके लिए उन्होंने 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें हर हफ्ते डेढ़ लाख रुपए की किस्त देने का दबाव बनाया गया था। 9 जनवरी को शिकायतकर्ता ने रत्नागिरी एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचना दी, जिसके बाद अधिकारियों ने जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस दौरान, जाधव ने रिश्वत की पहली किस्त, यानी डेढ़ लाख रुपए, शिकायतकर्ता से ली थी, जिसे रत्नागिरी एंटी करप्शन ब्यूरो ने पकड़ लिया।

### एक मंजिला इमारत का हिस्सा ढहा, कोई हताहत नहीं

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई में एक व्यस्त बाजार में एक मंजिला पुरानी इमारत का एक हिस्सा शनिवार की दोपहर को ढह गया। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि तुर्भे के जनता मार्केट में एक संकरी गली में स्थित इस इमारत में उस समय कोई भी नहीं था, जब इसका एक हिस्सा ढह गया। यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि इमारत कितनी पुरानी थी। एक अधिकारी ने कहा कि नगर निकाय की टीमें इलाके को साफ कर रही हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मलबे में कोई फंसा न हो। एक स्थानीय विक्रेता ने कहा, 'हमने एक तेज आवाज सुनी। जब हम इस क्षेत्र की तरफ दौड़े, तो हमने देखा कि एक मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह गया है।'

# बंदूक की नोक पर वसई में ज्वेलर्स की दुकान में लूट

## मालिक की बेरहमी से पिटाई

आशु विश्वकर्मा । वसई

वसई के अग्रवाल नगर में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज वारदात में दो हथियारबंद हमलावरों ने मयंक ज्वेलर्स में लूटपाट कर दुकान के मालिक रतनलाल संघवी (67) की बेरहमी से पिटाई की। हमलावर लाखों रुपए के गहने लेकर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।




### पुलिस ने जांच शुरू की

पुलिस उपायुक्त पूर्णिमा चौगुले-श्रृंगी ने बताया कि इस वारदात में और भी आरोपी शामिल हो सकते हैं। मानिकपुर पुलिस ने छह पुलिस स्टेशनों की क्राइम ब्रांच टीमों को जांच में लगाया है। पुलिस का मानना है कि लूट से पहले हमलावरों ने रेकी की होगी।

### दुकान बंद करते वक्त हुई वारदात

अग्रवाल दोषी कॉम्प्लेक्स स्थित मयंक ज्वेलर्स के मालिक रतनलाल संघवी रात करीब 9 :15 बजे दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। तभी दो नकाबपोश हमलावर अचानक दुकान में घुस आए। उनमें से एक ने हेलमेट पहन रखा था और दूसरे ने चेहरा ढका हुआ था। उन्होंने संघवी को बंदूक की बट से पीटते हुए एक ट्रे आभूषण लेकर भाग निकले।

### सांघवी गंभीर रूप से घायल, स्थिति स्थिर

हमले में रतनलाल संघवी गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, अब उनकी हालत स्थिर है। घटना के वक्त संघवी का बेटा मनीष संघवी किसी काम से बाहर गया हुआ था। घटना के बाद क्षेत्र के ज्वेलर्स में दहशत फैल गई है। दुकानदारों ने क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना की मांग की है।

### पुरानी डकैती की याद ताजा

इस घटना ने तीन साल पहले नालासोपारा के साक्षी ज्वेलर्स में हुई डकैती की याद ताजा कर दी है। 21 अगस्त 2021 को दो हमलावरों ने साक्षी ज्वेलर्स के मालिक किशोर जैन की हत्या कर लाखों रुपए के चांदी के गहने लूट लिए थे। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

# सफाई कर्मियों को विरासत का लाभ मिलेगा

## ठाणे सहित राज्य के 50 हजार कर्मचारियों को फायदा

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



विधायक संजय केलकर ने घोषणा की कि अब सफाई कर्मचारियों को उत्तराधिकार अधिकार का लाभ मिलेगा, जो पहले केवल अनुसूचित जाति (SC) के कर्मचारियों को ही मिलता था। अब सामान्य जातियों के सफाई कर्मियों को भी इस अधिकार का लाभ मिलेगा। इस फैसले से ठाणे सहित राज्य के 50 हजार सफाई कर्मियों को लाभ होगा।

### औरंगाबाद खंडपीठ का निर्णय और सफाई कर्मियों में खुशी

इस विषय पर औरंगाबाद खंडपीठ द्वारा दिए गए फैसले ने सफाई कर्मियों में खुशी का माहौल बना दिया है। पहले केवल अनुसूचित जाति के सफाई कर्मचारियों को विरासत का लाभ मिलता था, जिससे अन्य जातियों के सफाई कर्मियों के कई सवाल लंबित रह गए थे। अब, यह फैसले ने उन सवालों का समाधान किया है।

### विधायक संजय केलकर के प्रयासों का परिणाम

विधायक संजय केलकर ने राज्य विधानसभा के छह सत्रों में इस मुद्दे को उठाया था और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी इस विषय पर चर्चा की थी। लाड-पागे कमेटी की रिपोर्ट में यह सिफारिश की गई थी कि सामान्य सफाई कर्मचारियों को भी विरासत के अधिकार का लाभ मिलना चाहिए। 8 जनवरी को, औरंगाबाद खंडपीठ बेंच ने फैसला सुनाया कि सफाई कर्मचारियों को विरासत के अधिकार का लाभ मिलना चाहिए। शुक्रवार को इस आदेश की घोषणा होते ही सफाई कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस फैसले से मनपा के वंचित सफाई कर्मचारियों को न्याय मिला और उन्होंने विधायक संजय केलकर से मिलकर उन्हें धन्यवाद दिया।

# 2 बदमाशों की सरेआम दबंगई

## हथियार के दम पर जौहरी से लूटे 45 लाख रुपये के सोने के जेवर



डीबीडी संवाददाता । पालघर

पालघर जिले में 2 अज्ञात बदमाशों ने 60 वर्षीय एक जौहरी पर कथित तौर पर हमला किया और रिवॉल्वर के बल पर उससे 45 लाख रुपये के आभूषण लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब 9 बजे वसई शहर के अग्रवाल इलाके में हुई।

### एक नकाबपोश दूसरा हेलमेटधारी

पुलिस उपायुक्त पूर्णिमा श्रृंगी चौगुले ने बताया कि आभूषण की दुकान के बंद होने के समय 2 व्यक्ति वहां पहुंचे। आरोपियों में से एक ने नकाब पहना हुआ था, जबकि दूसरे व्यक्ति ने सिर पर हेलमेट पहना हुआ था। अधिकारी ने बताया कि जौहरी दुकान बंद करने की तैयारी कर रहा था, तभी ये 2 नकाबपोश व्यक्ति दुकान में घुसे और उस पर रिवॉल्वर की नोक पर घटना को अंजाम दिया।

### 600 ग्राम सोना लूटकर फरार

उन्होंने उसे एक ओर धकेल दिया और अंदर रखी आभूषणों की ट्रे निकाली और जौहरी के सिर पर रिवॉल्वर से वार करके मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि आरोपी 45 लाख रुपये मूल्य का 600 ग्राम सोना लूटकर फरार हो गए। अधिकारी ने बताया कि हमले में जौहरी को चोट आई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### मामला दर्ज, जांच जारी

माणिकपुर पुलिस थाने के अधिकारी ने जानकारी दी कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(3) डकैती और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र के सभी 6 पुलिस थानों को सचेत कर दिया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

बेजुबान के साथ क्रूरता

# पालतू कुत्ते को जहर देकर मारा

## अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

ठाणे जिले के उल्हासनगर में पालतू कुत्ते को जहर देकर मारने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कुत्ते के मालिक ने पुलिस को बताया कि जब से उन्होंने अपने कुत्ते को



खुला छोड़ दिया था तब से ही कुत्ता लापता हो गया था, जिसके बाद उसकी तलाश शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि उल्हासनगर कैंप नंबर-3 में 6 जनवरी को कुत्ता जमीन पर मृत पड़ा मिला था।

### मालिक को श्वान के प्रति काफी लगाव था

कुत्ते के मालिक को संदेह है कि कुत्ते को जहर खिलाकर मार दिया गया हो। और इसी के आधार पर उसने पुलिस से शिकायत की। कुत्ते के मालिक ने बताया कि उसका अपने श्वान के प्रति काफी लगाव था और वह बेहद दुखी है। बेजुबान के साथ ऐसी क्रूरता मानवता के विरोधी है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 325, पशु को मारना या अपंग करना और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# इलेक्ट्रॉनिक बसों का परिवहन मंत्री सरनाईक ने किया शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल द्वारा राष्ट्रीय सड़क परिवहन सुरक्षित माह 2025 के अवसर पर नई इलेक्ट्रॉनिक बसों का शुभारंभ ठाणे के ख़ोपट बस डिपो में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य के परिवहन क्षेत्र में सुधार की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। परिवहन मंत्री सरनाईक ने इस अवसर पर बताया कि 2,640 नई लालपरियां जल्द ही राज्य परिवहन निगम के बेड़े में शामिल होंगी और ये बसें राज्य के हर कोने में दौड़ती दिखाई देंगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार 5,000 इलेक्ट्रिक बसों को लीज़ पर ले रही है, जो परिवहन के क्षेत्र में एक बड़ी पहल है। उन्होंने आगे बताया कि राज्य परिवहन निगम ने 2,500 नई बसें खरीदने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है, और इस प्रस्ताव पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी ताकि ये बसें अगले वर्ष के अंत तक राज्य परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हो सकें। इस दिन कुल 17 नई बस सेवाओं का उद्घाटन किया गया, जिनमें से शुरुआती चरण में 50 बसों को मंजूरी दी गई है। इनमें से ठाणे शहर में 40 और मीरा भाईंदर में 10 बसें शामिल हैं। ये बसें राज्य के सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान देंगी और यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करेंगी। सरनाईक ने सुरक्षा पर भी जोर दिया और कहा कि गति सीमा का पालन करना जरूरी है, न केवल सीसीटीवी द्वारा बल्कि वास्तविक निरीक्षण से भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बसों की गति 80 किमी प्रति घंटे से अधिक न हो।

सड़क सुरक्षा पर जोर

# सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा तभी होती है जब हादसा होता है: परिवहन मंत्री सरनाईक

धर्मेंद्र उपाध्याय । ठाणे

राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद ही हम सुरक्षा और यातायात नियमों की चर्चा करते हैं, लेकिन इससे पहले जागरूकता पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि यातायात नियमों का पालन और वाहन की गति को नियंत्रित रखना ही दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय है।

### वाहनों की संख्या बढ़ने से कड़े फैसलों की जरूरत

परिवहन मंत्री ने कहा कि बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि नई कार खरीदने वालों को अपनी कार के लिए पार्किंग की व्यवस्था अनिवार्य करनी होगी।

### सड़क सुरक्षा मिशन 2025 के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन




सड़क सुरक्षा मिशन 2025 के अंतर्गत ठाणे आरटीओ कार्यालय द्वारा दादोजी कोंडदेव स्टेडियम में परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया।

### स्विटजरलैंड के अनुभव का जिक्र

परिवहन मंत्री ने स्विटजरलैंड के अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि वहां की घुमावदार और संकरी सड़कों पर भी दुर्घटनाएं कम होती हैं क्योंकि लोग यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हैं। उन्होंने कहा, श्वहां के ड्राइवर तय गति सीमा का पालन करते हैं, चाहे उन्हें 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गाड़ी चलाने की अनुमति हो। यही कारण है कि वहां दुर्घटनाएं कम होती हैं। इस टूर्नामेंट में राज्य भर की 23 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रमुख प्रतिभागियों में अतिरिक्त परिवहन आयुक्त भरत कालस्कर, पनवेल आरटीओ अधिकारी जयंत पाटिल, ठाणे आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल और उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर शामिल थे। परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समाज और सरकार दोनों को मिलकर काम करना होगा।

# कल्याण में अनुभवी अपराधियों की पुलिस ने निकाली बारात

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

हाल के दिनों में कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी क्षेत्र में चार अनुभवी अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई ने स्थानीय नागरिकों में एक नई उम्मीद जगाई है। रामराव तामंड उर्फ इंट्या, कृष्णा माली, प्रतीक माली, और सुमित केदारे जैसे अपराधियों ने इस क्षेत्र में पिछले कई महीनों से दहशत का माहौल बना रखा था। पिछले कुछ महीनों में, कल्याण के कोलसेवाड़ी क्षेत्र में अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई थी। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, रामराव तामंड उर्फ इंट्या और उसके साथियों ने क्षेत्र में उत्पात मचाया था, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। इन अपराधियों के आतंक के कारण क्षेत्र में असुरक्षा का वातावरण था।




### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने इन अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कदम उठाए। इसके बाद, पुलिस ने अपराधियों की बारात निकालकर उन्हें क्षेत्र में घुमाया, जिससे क्षेत्रवासियों को यह संदेश दिया गया कि पुलिस कानून की नजरों में है और अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

### स्थानीय नागरिकों की प्रतिक्रिया

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है, क्योंकि इससे उन्हें सुरक्षा का अनुभव हुआ और उन्होंने महसूस किया कि प्रशासन अब उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इस कार्रवाई ने अपराधियों को पकड़ने में सफलता दिलाई है, जिससे क्षेत्र में अपराध की दर में कमी आने की उम्मीद है।

### अपराधियों के लिए चेतावनी और उम्मीद का संदेश

पुलिस की इस कार्रवाई ने अपराधियों के लिए एक चेतावनी भेजी है कि वे कानून से बच नहीं सकते। वहीं, कल्याण के नागरिक अब एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण की उम्मीद कर रहे हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को उन्होंने सकारात्मक रूप में देखा और अपनी उम्मीदें जताई हैं कि क्षेत्र में अब अपराध का ग्राफ नीचे आएगा।

# शराब के नशे में धुत चालक ने 10 मोटरसाइकिलों को टक्कर मारी

## पुलिस ने किया गिरफ्तार

सुशील सिंह । कल्याण

कल्याण पश्चिम के बाजारपेठ पुलिस थाने के क्षेत्र में शुक्रवार रात शराब के नशे में धुत एक कार चालक ने चिराग होटल के सामने की सड़क पर तेज गति से चलाते हुए सड़क के किनारे खड़ी आठ से दस मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मारी। इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन मोटरसाइकिलों और कार को नुकसान पहुंचा है।



### दंडात्मक कार्रवाई का आश्वासन

पुलिस जांच में यह सामने आया कि चालक ने शराब का सेवन किया था। अनिल तिवारी बिना शर्ट के केवल बनियान पहनकर वाहन चला रहा था। उसे रुक्मिणीबाई अस्पताल में चिकित्सा जांच के लिए भेजा गया, जहां शराब की पुष्टि हुई। इस घटना के बाद नागरिकों ने तीव्र आक्रोश व्यक्त किया, और पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने शहर में शराब के नशे में धुत चालक, नशेड़ी, और गांजा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाने का ऐलान किया। बाजारपेठ पुलिस ने बताया कि अनिल तिवारी के खिलाफ मोटर वाहन कानून के तहत दंडात्मक और आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नागरिकों से अपील: सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही से बचें

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस तरह की लापरवाही से बचें और सड़क पर सुरक्षित रहें। शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है।

### धमाके से भागे पैदल यात्री, पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के समय एक बड़ा धमाका हुआ, जिससे आसपास के पैदल यात्री और दुकानदार भयभीत होकर भाग खड़े हुए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को रोका और बाजारपेठ पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर चालक से पूछताछ की, जिसने अपना नाम अनिल तिवारी बताया।

# स्थानांतरित नहीं होगी जीएमआरटी

- पुणे-नासिक रेल परियोजना मार्ग में करना होगा बदलाव
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिए संकेत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/पुणे**

विकास किसे पसंद नहीं। लेकिन अगर इस विकास की सीढ़ी चढ़ने के लिए पहले से स्थापित दूसरी विकास की सीढ़ी तोड़नी पड़े तो यह अनुचित है। कुछ ऐसा ही पुणे-नासिक रेल परियोजना के निर्माण कार्य में हो रहा है। पुणे-नासिक रेल परियोजना के निर्माण कार्य में बाधा बन रहे जीएमआरटी यानी विशाल मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप वैज्ञानिक केंद्र के बारे में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बयान देते हुए इसे स्थानांतरित नहीं करने की बात कही है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि आगामी पुणे-नासिक रेल परियोजना के चलते विशाल मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप यानी जीएमआरटी को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका एकमात्र विकल्प रेलवे परियोजना के तहत उसके मार्ग में बदलाव करना ही है। जीएमआरटी पुणे से लगभग 60 किमी दूर, पुणे-नासिक राजमार्ग पर नारायणगांव के पास खोडाड गांव में स्थित है।

अनुसंधानकर्ताओं ने पुणे-नासिक 'सेमी-हाई-स्पीड' रेल परियोजना को केंद्र से सैद्धांतिक मंजूरी मिल जाने के बाद इस वैज्ञानिक केंद्र के संचालन में संभावित व्यवधान की आशंका व्यक्त की है।





### जीएमआरटी परियोजना के लिए थी चुनौती

हाल में राकांपा के सांसद अमोल कोल्हे ने इस रेलवे परियोजना की खातिर जीएमआरटी को अन्यत्र ले जाने का प्रस्ताव रखा। वैष्णव ने यहां सीडैक में प्रेसवार्ता में कहा कि नासिक और पुणे के बीच स्थित जीएमआरटी इस परियोजना के लिए एक चुनौती थी। यह बस भारत के लिए दूरबीन भर नहीं है, बल्कि यह 23 देशों की भी संपदा है।

### रेलवे महाराष्ट्र में करेगा 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए का निवेश

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि "पुणे में बहुत ऊर्जा है पुणे के समग्र विकास पर बहुत अच्छी चर्चा हुई रेलवे महाराष्ट्र में 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपये का विकास निवेश कर रहा है।"

### स्थानांतरण का मतलब शक्तिशाली केंद्र को कमजोर करना

हमें इन सभी देशों को दूरबीनों को स्थानांतरित करने के लिए सहमत करना होगा। उन्होंने कहा, ''स्थानांतरण का मतलब है भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान के सबसे शक्तिशाली केंद्र को कमजोर करना। इसीलिए हमने जीएमआरटी को उसके वर्तमान स्थान से न हटाने का फैसला किया।"

### मार्ग के साथ समानांतर संरेखण का विकल्प

उन्होंने कहा कि अगर हम इस इलाके को देखें और पश्चिम में अरब सागर की तरफ जाएं तो हमें घाट मिलते हैं। अगर हम वहां चले गए तो परियोजना मुश्किल में फंस जाएगी। दूसरी तरफ मनमाड़-अहिल्यानगर मार्ग है। मनमाड़, अहिल्यानगर-दौंड मार्ग पहले से ही है। इस मार्ग के साथ समानांतर संरेखण का विकल्प भी है।

### पुणे-नासिक रेल परियोजना के मार्ग में बदलाव

वैष्णव ने कहा कि दूसरा विकल्प नासिक-शिरडी-अहिल्यानगर-पुणे 'हाईस्पीड' मार्ग है। उन्होंने कहा, ''इन दो विकल्पों पर दल काम कर रहा है और हमें जल्द ही परिणाम मिलेंगे।" इसका मतलब अब पुणे-नासिक रेल परियोजना के मार्ग में बदलाव किया जा सकता है और अब रुका हुआ परियोजना का कार्य आगे बढ़ सकता है।

# महाराष्ट्र में फिर सजेगा जनता दरबार

- एनसीपी के नेताओं के साथ समस्या सुनेंगे अजित पवार

**मुंबई/बारामती।** स्थानीय निकाय चुनाव से पहले राजनीतिक नेता फिर से अपना काम दिखाने के लिए पूरा जोर लगा रहे है। ऐसे में अजित पवार जो हाल ही में दूर चल रहे थे वे वापस लाइम लाइट में आ रहे है। अजित पवार ने अब अपनी पार्टी एनसीपी के सभी मंत्रियों को सख्त निर्देश दे दिए है। अजित पवार ने अपने नेताओं को नियमित रूप से लोगों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान निकालने का निर्देश दिया है। इसके लिए जनता दरबार लगाने का निर्देश भी दे दिया है। इन मंत्रियों को हर मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को जनता दरबार लगाकर आम लोगों से सीधे संवाद करने को कहा गया है।

### ये नेता इस दिन लगाएगा दरबार



आपको बताते चले कि यह जनता दरबार एनसीपी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह भी तय हो चुका है कि कौन सा मंत्री किस दिन जनता दरबार लगाएगा। इसका मतलब अब हर हफ्ते मंगलवार को कैबिनेट मंत्री हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, दत्तात्रेय भरणे और मकरंद पाटिल जनता दरबार लगाएंगे। बुधवार को हसन मुश्रीफ,माणिकराव कोकाटे, नरहरि झिरवाल, बाबासाहेब पाटिल और अदिति तटकरे जनता दरबार लगाएंगे। अजित पवार पहले से ही बारामती में जनता दरबार लगाते रहे हैं। वहीं, इंद्रनील नाइक और हसन मुश्रीफ गुरुवार को जनता दरबार लगाएंगे। इस जनता दरबार के जरिए पार्टी के नेता जनता का समर्थन जीतने की कोशिश करेंगे और साथ ही आम लोगों की समस्याओं को सुलझाने का काम पार्टी के ये सभी मंत्री करेंगे। हमेशा की तरह इस बार भी अजित पवार अपने निर्वाचन क्षेत्र बारामती में ही जनता दरबार लगाएंगे।

### निर्वाचन क्षेत्र का दौरा कर रहे अजित पवार

इससे पहले आज यानी शनिवार को सुबह खुद अजित पवार ने अपने निर्वाचन क्षेत्र बारामती पहुंचकर यहां के विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने साथ ही यहां के MIDC होस्टल, बारामती तालुका पुलिस स्टेशन और सड़क निर्माण के कार्यों की समीक्षा की और इसके कार्यों की अधिकारियों से जानकारी ली। अजित पवार ने कहा कि अच्छी गुणवत्ता का काम करने के लिए उन्होंने सुझाव भी दिया है।

# अमरावती में चल रहा बांग्लादेशियों का फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट बनाने का खेल!



- बीजेपी नेता किरीट सोमैया का ने किया दावा

**मुंबई/अमरावती।** भाजपा नेता किरीट सोमैया ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमरावती के अजनगांव सुरजी में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का रैकेट चलाया जा रहा है। भाजपा नेता बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के जन्म प्रमाण पत्र घोटाले को लेकर लगातार सबूत भी पेश कर रहे हैं।

सोमैया ने दावा किया कि 6 माह में 1450 से अधिक लोगों के बर्थ सर्टिफिकेट के आवेदन मिले हैं। इसमें से 1400 बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के हैं।भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार अंजनगांव सुरजी तहसील की जनसंख्या 1 लाख 60 हजार 903 है, जिसमें 28180 मुस्लिम आबादी है।

उन्होंने कहा कि पिछले 6 महीनों में जन्म प्रमाण पत्र के लिए 1450 से अधिक आवेदन मिले है, जिनमें 1400 बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के आवेदन भी शामिल हैं। सोमैया ने कहा कि वह सोमवार यानी 13 जनवरी को अंजनगांव सुर्जी अमरावती जाकर पुलिस के साथ इसकी जानकारी साझा करेंगे।

### SIT कर रही मामले की जांच

गौरतलब है कि किरीट सोमैया के आरोपों के बाद अमरावती में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में SIT का गठन किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 1000 बांग्लादेशी मुस्लिम और रोहिंग्याओं को फर्जी तरीके से मालेगांव में बर्थ सर्टिफिकेट जारी किया गया है। इसके बाद अमरावती जिला प्रशासन ने अंजनगांव सुरजी तालुका में मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लिया था। किरीट सोमैया ने मांग की गई थी कि अमरावती के मामले को भी एसआईटी जांच के दायरे में लिया जाना चाहिए। स्थानीय प्रशासन ने 6 महीने से तहसील में रह रहे 1100 बांग्लादेशियों के प्रमाण की जांच को लेकर पैनल का गठन किया था।

### सोमैया ने मुख्यमंत्री को लिखी थी चिट्ठी

बता दें कि इस पैनल का नेतृत्व सब-डिविजनल ऑफिसर, सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुख्य अधिकारी कर रहे हैं। इस पैनल को आदेश दिया गया है कि वह मामले की जांच रिपोर्ट जल्द सौंपे। पुलिस भी अपने स्तर पर मामले की जांच करेगी। दरअसल, भाजपा नेता किरीट सोमैया ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को चिट्ठी लिखकर बताया था कि मालेगांव के अलावा दूसरे जिलों में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का खेल चल रहा है।

सरपंच हत्याकांड

# आरोपियों को मृत्युदंड दिया जाए: मनोज जारांगे



**मुंबई।** मराठा नेता मनोज जारांगे ने धाराशिव जिले में दिवंगत सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड के आरोपितों को मृत्युदंड देने की मांग की। उन्होंने इस मामले में असंतोष जताया और कहा कि आरोपितों पर मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम) लगाने से मामला हल नहीं होगा। जारांगे ने आरोप लगाया कि आरोपितों पर मकोका लगाने के बावजूद, मुख्य आरोपी वाल्मीकि कराड के खिलाफ यह कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि अन्य सात आरोपितों पर मकोका लगाया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता, तब तक वह किसी भी प्रकार की असुविधाओं को सहने के लिए तैयार हैं। धाराशिव जिले में आयोजित जन आक्रोश मोर्चे में मनोज जारांगे ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ तुरंत मृत्युदंड की सजा दी जानी चाहिए और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए। इस मोर्चे में सांसद बजरंग सोनवणे, सांसद ओमराजे निंबालकर, विधायक सुरेश धस और कई स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी समर्थन व्यक्त किया।

मनोज जारांगे ने मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग भी दोहराई। उन्होंने कहा कि जब तक धनंजय मुंडे इस्तीफा नहीं देंगे, उनका आंदोलन जारी रहेगा। जारांगे ने आरोपितों के खिलाफ 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज करने की मांग की और कहा कि अगर एक भी आरोपित को रिहा किया गया, तो वे राज्य को बंद कर देंगे।

# 'भारत के लिए खतरा हैं राणे'

- नितेश राणे के बयान पर भड़के शशि थरूर
- वृंदा करात RSS-BJP पर बरसीं

**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे विवादित बयान ने हिंदू-मुस्लिम की सियासी बहस छेड़ दी है। भाजपा नेता के बयान पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर का रिएक्शन आया है। उन्होंने इसे चौकाने वाला बयान बताते हुए निंदा की है। बयान को लेकर थरूर ने कहा कि यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान रखे गए समावेशी मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि किसी विशेष समुदाय को निशाना बनाना गलत बताते हुए थरूर ने कहा कि देश का हर व्यक्ति समान नागरिक है तथा देश की प्रगति का यही एकमात्र तरीका है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारे देश में इस तरह की बातें काफी चौंकाने वाली हैं। हमें वास्तव में स्वतंत्रता संग्राम के मूल पाठ को समझना होगा। जिन लोगों के धर्म राष्ट्रीयता का आधार है वे चले गए और पाकिस्तान बना दिया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता महात्मा गांधी ने कहा कि हमने सभी की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी है। हम सभी के लिए एक देश बनाएंगे, हम सभी के लिए एक संविधान लिखेंगे, सभी समान अधिकारों के साथ यहां रहेंगे।



### क्या है मामला ?

गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नीतेश राणे ने शुक्रवार को सांगली में एक हिंदू गर्जना सभा को संबोधित करते हुए कथित तौर पर मुस्लिम समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि "ईवीएम का मतलब है, हर वोट मुल्ला के खिलाफ।" इसके बाद से तमाम विपक्षी दल महाराष्ट्र सरकार व भाजपा पर निशाना साध रहे हैं।

### राणे की गिरफ्तारी की मांग

वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की नेता वृंदा करात ने भी मंत्री की टिप्पणी की निंदा की और राणे की गिरफ्तारी की मांग की। करात ने कहा कि यह नफरत फैलाने वाला भाषण है और इस व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। यह व्यक्ति भारत के लिए खतरा है, क्योंकि यह पहली बार नहीं है जब उसने इस तरह का घृणित सांप्रदायिक बयान दिया है। यह तथ्य कि वह मंत्री के रूप में बना हुआ है, भाजपा और आरएसएस के पाखंड को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री संविधान की बात करते हैं और यहां उनके मंत्री इस नफरत फैलाने वाले भाषण के माध्यम से संविधान की मूल नींव को नष्ट कर रहे हैं, इसलिए उन्हें अपने पद से हटा दिया जाना चाहिए।

# 4 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

- राष्ट्रगीत न सुनाने पर मिला सुराग

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारत में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ धरपकड़ तेज हो गई है। वहीं महाराष्ट्र में भी बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के खिलाफ पुलिस और सेंट्रल एजेंसी की कार्रवाई जारी है। इसी के तहत शनिवार 11 जनवरी को राजधानी मुंबई में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया। ये लोग फर्जी दस्तावेजों के जरिए जुहू चौपाटी के पास रह रहे थे। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने चार बांग्लादेशी नागरिकों जुहू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में इन लोगों ने खुद को भारतीय नागरिक बताया, वहीं जब इनके दस्तावेजों की जांच की गई तो वो फर्जी निकले। आरोपियों के पास से भारतीय होने का कोई दस्तावेज नहीं मिला। मुंबई की क्राइम ब्रांच यूनिट 9 ने एनकाउंटर्स स्पेशलिस्ट दया नायक के नेतृत्व में ये गिरफ्तारी की।

### गिरफ्तार लोगों में एक महिला और तीन पुरुष



पकड़े गए चार बांग्लादेशी नागरिकों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम पॉपी टीटू हुसैन (महिला), मोहम्मद टैटू सोफीउद्दीन हुसैन, नूर इस्लाम मकबूल और फैसल बिकु मुल्ला शेख है। इनके खिलाफ जुहू पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई है।

बताया जा रहा है कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि मुंबई के जुहू इलाके में एक जगह पर कुछ बांग्लादेशी रह रहे हैं। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम उन्हें पकड़ने के लिए रवाना हुई। पुलिस के एक सोर्स ने चारों बांग्लादेशियों की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने सभी बांग्लादेशी नागरिकों को घेर लिया और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी नहीं सुना पाए भारत का राष्ट्रगीत

पुलिस ने जब जांच शुरू की तो बांग्लादेशियों ने कहा कि वो भारत के नागरिक हैं। जिसके बाद पुलिस के अधिकारी ने उनसे राष्ट्रगीत सुनाने के लिए कहा। नागरिकों ने कहा कि कहा कि उन्हें भारत का राष्ट्रगीत नहीं आता है। वहीं जब वह राष्ट्रगीत नहीं सुना पाए तो पुलिस ने उन्हें उनका पहचान पत्र दिखाने के लिए कहा।

जब इस बात की पुष्टि हो गई कि उनके पास कोई दस्तावेज नहीं है। उसके बाद पुलिस ने BNS की कई धाराओं के तहत जुहू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया। बताया जा रहा है कि 1 जनवरी से लेकर अब तक 26 बांग्लादेशी गिरफ्तार हो चुके हैं।

# विक्रोली में फिर से बेस्ट बस बेकाबू, दो को कुचला



**मुंबई।** विक्रोली स्थित कन्नमवार बस डिपो में शनिवार दोपहर एक बेकाबू बेस्ट बस ने दो लोगों को कुचल दिया। घटना के बाद दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, विक्रोली के कन्नमवार नगर बस डिपो में बस के ड्राइवर ने बस को चालू छोड़कर कहीं चला गया। कुछ ही देर बाद, बस अचानक चल पड़ी और अपनी गति बढ़ाते हुए सामने स्थित चाय की दुकान से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। फिलहाल, पुलिस घायल व्यक्तियों की पहचान नहीं कर पाई है।

### पुलिस कार्रवाई और आगे की जांच

विक्रोली पुलिस ने बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना हाल ही में कुर्ला में हुई बेकाबू बस दुर्घटना की याद दिलाती है, जिसमें 9 लोगों की जान चली गई थी। विक्रोली में हुई इस घटना ने भी स्थानीय नागरिकों में चिंता का माहौल बना दिया है।

# MSBSHSE ने जारी किए 12वीं बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड

**मुंबई/पुणे।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (MSBSHSE) ने वर्ष 2025 की कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। जो छात्र इस परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले हैं, वे महाराष्ट्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट mahahsscboard.in पर जाकर टाइम टेबल देख सकते हैं। महाराष्ट्र बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू होगी जो 17 मार्च 2025 तक चलेंगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होगी और 11 मार्च 2025 तक तक चलेगी। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र सीधे इस लिंक https://mahahsscboard.in/mr के जरिए भी महाराष्ट्र बोर्ड परीक्षा 2025 का टाइम टेबल चेक कर सकते हैं।




महाराष्ट्र बोर्ड ने फरवरी-मार्च में होने वाली 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर एडमिट कार्ड (हॉल टिकट) ऑनलाइन जारी कर दिए है। प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर Admit Card इस लिंक जरिए डाउनलोड कर सकते है।

### प्रवेशपत्र पर प्राचार्य के हस्ताक्षर जरूरी

बोर्ड ने उच्च माध्यमिक स्कूलों और जूनियर कॉलेजों को कहा है कि यदि इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो इस स्थिति में वे विभागीय बोर्ड से संपर्क करें। साथ ही शिक्षा संस्थानों को एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उस पर मुहर लगाकर मुख्याध्यापक/प्राचार्य के हस्ताक्षर के बाद विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने को कहा गया है। बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार अगर एडमिट कार्ड में विद्यार्थी की तस्वीर सही नहीं है तो उस पर विद्यार्थी की तस्वीर लगाकर उस पर मुहर लगाकर मुख्याध्यापक/प्राचार्य को हस्ताक्षर करना होगा।

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा जनवरी 2025 के दौरान पी.वे और अन्य विभिन्न स्क्रैप के लिए ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम पुनर्निर्धारित और अतिरिक्त बिक्री कार्यक्रम के लिए शुद्धिपत्र**

ई-नीलामी बिक्री अधिसूचना संख्या S III / नीलामी कार्यक्रम-1 / जनवरी-2025 दिनांक-09/12/2024

निम्नलिखित डिपो के लिए **जनवरी 2025** में आयोजित होने वाली पी.वे स्क्रैप सामग्री के निपटान के लिए नीलामी तिथि और अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम का पुनर्निर्धारित विवरण नीचे दिया गया है:

| डिपो | पुनर्निर्धारित | | जनवरी 2025 का अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम | प्रभारी मंडल अधिकारी | संपर्क सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | | |
| महालक्ष्मी | 27.01.2025 | 31.01.2025 | 20.01.2025 | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक- महालक्ष्मी | 022-24929571 |
| पारदी | 27.01.2025 | 31.01.2025 | 20.01.2025 | | 09004495750 |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। कृपया अधिक जानकारी के लिए **पश्चिम रेलवे** की सामग्री प्रबंधन विभाग की वेबसाइट यानी **www.wr.indianrailways.gov.in** और साथ ही **www.ireps.gov.in** ई-नीलामी पोर्टल पर जाएँ।

(नं. S III/नीलामी कार्यक्रम-2/जन.25/दिनांक 09.01.2025)

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly 0960

## संपादकीय

# महिला स्कीमों पर भरोसा

हालिया अध्ययन ने बताया है कि जिन राज्यों में महिला केंद्रित योजनाएं लागू हुई हैं, वहां महिलाओं के वोट प्रतिशत में काफी वृद्धि हुई है। यही वजह है कि अब हर चुनाव से पहले महिलाओं को लुभाने की कवायद हर राजनीतिक दल करने लगता है। पिछले दिनों मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में इन लोकलुभावन योजनाओं ने सरकारों की सत्ता में फिर वापसी सुनिश्चित की है। निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास होता है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं दूसरी ओर जिन राज्यों में महिला केंद्रित योजनाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया, वहां महिला वोटरों की औसत संख्या में कम इजाफा हुआ है। निर्विवाद रूप से विभिन्न चुनावों में लगातार महिला वोटरों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। यहां तक कि किसी भी राजनीतिक दल की जीत या हार में उनकी निर्णायक भूमिका साफ नजर आ रही है। शोध अध्ययन बताता है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव के मुकाबले वर्ष 2024 में 1.8 करोड़ अधिक महिला वोटरों ने मतदान किया। ये आंकड़ा पिछले दिनों देश के चुनाव आयोग ने जारी किया। दूसरी ओर एसबीआई के शोध ने उन कारणों का विश्लेषण किया जो महिला वोटरों की संख्या बढ़ाने में सहायक बने। एसबीआई की रिपोर्ट बताती है कि प्रधानमंत्री जनधन योजना और मुद्रा खाता खोलने का असर साफ दिखा। साथ ही यह भी निष्कर्ष दिया कि उन राज्यों में महिलाओं की लोकतांत्रिक प्रकिया में भागीदारी बढ़ी है जहां महिला केंद्रित योजनाएं अस्तित्व में आई हैं। वहीं अध्ययन खुलासा करता है कि महिला साक्षरता में वृद्धि का सीधा संबंध महिला वोटरों की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला वोटरों की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार साक्षरता में वृद्धि से तीस लाख अतिरिक्त महिलाओं ने वोट डाले। इसी तरह जहां पीएम आवास योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी हुई, वहां भी महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में वोटिंग में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला वोटरों की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी , ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि योजनाएं स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली हों।

# कैंसर के खतरे से जुड़ा है शराब का सेवन



दिनेश सी. शर्मा

नये साल की शुरुआत एक नई स्वास्थ्य-चेतावनी के साथ हुई है। अमेरिका के सर्जन जनरल विवेक मूर्ति ने एक परामर्श प्रपत्र जारी किया है, जिसमें शराब सेवन और कैंसर के बढ़ते जोखिम के बीच सीधा संबंध बताया गया है। अमेरिका में कैंसर का तीसरा सबसे बड़ा रोकथाम योग्य कारण मदिरा पान है। हिदायत में कहा गया है कि चाहे शराब का सेवन किसी भी प्रकार का हो, इससे कम-से-कम सात प्रकार के कैंसर (स्तन, कोलोरेक्टम, ग्रास-नली, यकृत, मुंह, गला और स्वर-यंत्र) का खतरा बढ़ जाता है। अमेरिका में स्तन कैंसर के 16.4 प्रतिशत मामले शराब सेवन की वजह से हो रहे हैं। परामर्श प्रपत्र में चेतावनी दी गई है कि स्तन, मुंह और गले जैसे कुछ कैंसर के लिए 'जोखिम प्रतिदिन एक पैग या उससे कम के शराब सेवन से भी पैदा हो सकता है'। यहां तक कि शराब की थोड़ी मात्रा भी लीवर सिरोसिस जैसी विकट बीमारियों में कारक बन सकती है।

हालांकि, किसी व्यक्ति में दारू पीने से कैंसर होने का जोखिम कई जैविक, पर्यावरणीय और सामाजिक कारकों पर भी निर्भर करता है। यह सलाह विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2023 के उस बयान के बाद आई है जिसमें शराब पीने से जुड़े जोखिम और नुकसान के बारे में बताया गया था। यह निष्कर्ष वैज्ञानिक साक्ष्यों के व्यवस्थित मूल्यांकन पर आधारित है।

शराब सीधे तौर पर कई बीमारियों के लिए जिम्मेवार है और सड़क दुर्घटनाओं के पीछे दारू पीकर गाड़ी चलाना बहुत हद तक जिम्मेवार है। द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित विश्व स्वास्थ्य संगठन के बयान का निष्कर्ष है : 'जब बात शराब के सेवन की आए, तो इसकी कोई भी वह मात्रा सुरक्षित नहीं है जिससे स्वास्थ्य प्रभावित न होता हो'। 1980 के दशक में, इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने शराब को 'ग्रुप- 1 कार्सिनोजेन' के रूप में वर्गीकृत किया था।

यह कैंसर पैदा करने वाले पदार्थों की सबसे अधिक जोखिम वाली श्रेणी है जिसमें तंबाकू, रेडिएशन और एस्बेस्टस शामिल हैं। इथेनॉल शरीर में टूटने के कारण जैविक तंत्र के माध्यम से कैंसर का कारण बनता है। इसलिए, शराब युक्त कोई भी पेय (चाहे वह बीयर हो, वाइन हो या व्हिस्की) स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा करता है। अपने बयान में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि शराब की मात्रा बढ़ने के साथ इसका जोखिम काफी हद तक बढ़ता चला जाता है। यह सुबूत इस मिथक को तोड़ता है कि कुछ मादक पेय, विशेष रूप से रेड वाइन, अगर संयम से सेवन किए जाएं तो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। दशकों से, शराब उद्योग ने हृदय रोग विशेषज्ञों को इस विचार को बढ़ावा देने के लिए गठजोड़ बनाया है कि शराब का सीमित मात्रा में सेवन हृदय के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है, जबकि इस तरह के दावों का समर्थन करने के लिए कोई विश्वसनीय वैज्ञानिक अध्ययन नहीं हुआ है। दूसरी ओर, विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोपीय क्षेत्र के डाटा से पता चलता है कि शराब से होने वाले सभी किस्म के कैंसर में आधों में कारण आमतौर पर कथित 'हल्का' अथवा 'मध्यम' मदिरा सेवन करने वाले रहे, जैसे कि प्रति सप्ताह एक बोतल शराब या दो बोतल बीयर।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ऐसा कोई अध्ययन नहीं है जो हृदय रोग या मधुमेह पर हल्की अथवा मध्यम मात्रा में शराब पीने के लाभकारी प्रभावों को प्रदर्शित करता हो या जो इस तरह के सेवन से जुड़े कैंसर के जोखिम को कम करना स्थापित करे। विश्व स्वास्थ संगठन में शराब और अवैध नशीली दवाओं के विशेषज्ञ कैरिना फेरेरा-बोर्गेस का कहना है : 'केवल एक चीज जो हम निश्चित रूप से कह सकते हैं वह यह कि जितना अधिक आप पीते हैं, उतना ही ज्यादा नुकसान यह करेगी। दूसरे शब्दों में, जितना कम आप पीएंगे, उतना ही आप सुरक्षित हैं'। विभिन्न देशों द्वारा विचाराधीन चेतावनी लेबल कई प्रकार के हैं – स्वास्थ्य के लिए सामान्य नुकसान, अत्यधिक उपयोग और दुरुपयोग के नुकसान और विशिष्ट समूह (कम उम्र वाले, गर्भवती महिलाएं, आदि) आधारित संदेश। उदाहरण के लिए, आयरलैंड 2026 में जो चेतावनी जारी करने की योजना बना रहा है, उसमें कहा जाएगा : 'शराब पीने से लीवर कैंसर होता है'। 2019 में, भारत ने अधिकांशतः सामान्य चेतावनियां छापना अनिवार्य कर दिया था, जिसमें लिखा रहता है : 'हार्ड लिकर (शराब) का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है' और कम अल्कोहल वाले पेय पदार्थों पर : 'सुरक्षित रहें, शराब पीकर गाड़ी न चलाएं'। चेतावनी लेबल के अलावा, भारत में शराब के विज्ञापनों पर प्रतिबंध हैं। समाचार पत्र, रेडियो और टेलीविजन में शराब के विज्ञापन पर प्रतिबंध है, हालांकि विज्ञापन नियमों में खामियों का फायदा उठाते हुए कई तरीकों से 'सरोगेट विज्ञापन' वाला ढंग जारी है। हाल के वर्षों में, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स के माध्यम से दबे-छुपे प्रचार का ढंग नई चुनौतियां पेश कर रहा है। तम्बाकू उत्पादों पर लगे चेतावनी लेबल की भांति, शराब उद्योग और इसके समर्थक समूह तर्क देते हैं कि स्वास्थ्य-चेतावनी लेबल लगाकर खपत को कम करने का असर नगण्य है। लेकिन उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं, जैसा कि द लैंसेट में प्रकाशित एक हालिया समीक्षा में बताया गया है – शराब उत्पादों पर चेतावनी लेबल कई मायनों में उपयोगी हैं। वे शराब से संबंधित नुकसानों के बारे में जागरूकता बढ़ा सकते हैं, उपयोग को कम करने में योगदान दे सकते हैं और लोगों को जागरूक कर निर्णय लेने में मददगार हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार में बढ़ावा मिलता है। चेतावनी-लेबल की प्रभावशीलता उनके डिजाइन और सामग्री पर निर्भर करती है।

वर्तमान में, स्वास्थ्य चेतावनी लेबल का कोई मानकीकरण नहीं है और सामग्री बहुत ही चलताऊ सी है, जो लोगों की संचेतना जगाकर निर्णय लेने में खास मददगार नहीं है। भारत ने लगभग पांच वर्षों से शराब उत्पादों पर चेतावनी लेबल लगाना अनिवार्य किया हुआ है। इसका वास्तविक असर कितना रहा इस बारे में हमें अभी तक जानकारी नहीं है।

दारू उद्योग लॉबी से सावधान रहना बहुत जरूरी है, जो भारत में स्वास्थ्य संबंधी और अन्य नियमों में अड़ंगा लगाने की लगातार कोशिश में लगी रहती है। शराब के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ को कम करने के लिए हमें मूर्ति जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य चैंपियनों की अधिक आवश्यकता है। सनद रहे, तंबाकू और कैंसर के बीच संबंध पर पहली चेतावनी भी 1964 में सर्जन जनरल ने ही दी थी।

## जीवन मंत्र

ओशो

# 'तेरा' के आगे कुछ नहीं

नानक ने सबको खाना खिलाया, कंबल बांटे। जो भी लाए थे, सब बांटकर बडे. प्रसन्नता से घर की ओर चल पड़े। पिता ने देखा, नानक नाचते आ रहे हैं, जरूर कुछ गड़बड़ है। दुकानदार कहीं यूं मस्ती में घर आता है।

नानक के पिता बहुत परेशान थे, क्योंकि वह किसी काम-धंधे में न लगे। जहां लगाएं, वहीं कुछ न कुछ अड़चन आ जाए। कुछ पैसे देकर उन्होंने उन्हें दूसरे गांव से सामान लेने भेजा। चलते वक्त कहा, मुनाफे का ध्यान रखना। धंधे लाभ के लिए ही किए जाते हैं। नानक ने सहमति में सिर हिलाया और चल पड़े। दूसरे गांव से जब सामान खरीदकर लौट रहे थे, तो रास्ते में उन्हें साधुओं की एक मंडली मिल गई, वे तीन दिनों से भूखे थे। नानक ने सबको खाना खिलाया, कंबल बांटे। जो भी लाए थे, सब बांटकर बडे. प्रसन्नता से घर की ओर चल पड़े। पिता ने देखा, नानक नाचते आ रहे हैं, जरूर कुछ गड़बड़ है। दुकानदार कहीं यूं मस्ती में घर आता है।

करीब आते ही नानक से उन्होंने पूछा कि क्या हुआ, लाभ का क्या हुआ? नानक ने कहा, जैसा आपने कहा था, वैसा ही करके आया हूं; बड़ा लाभ अर्जित हुआ है। तीन दिनों के भूखे साधु-संन्यासी थे। उनको कौन खिलाता? कौन कंबल देता? धन्यभागी हैं हम, उनके शरीर पर कंबल डालकर आ गया हूं... किसी की जरूरत में काम आ जाना, इससे ज्यादा क्या लाभ होगा? हमें परमलाभ हुआ है।



पिता ने सिर पीट लिया। उनकी समझ में नहीं आया कि यह कैसा लाभ है? कोई रास्ता न देखकर उन्होंने सूबेदार के घर नानक की नौकरी लगवा दी। नौकरी यह थी कि दिन भर तराजू से तौलते रहो सामान लोगों के लिए। पर दो-चार दिनों में ही गड़बड़ हो गई। नानक चौथे या पांचवें दिन नाप रहे थे, तेरह का आंकड़ा आ गया। पंजाबी में तेरह का मलतब- तेरा। तेरा कहते ही 'उसकी' याद आ गई। तेरा, सब कुछ उसी का। फिर वह आगे न बढ़े, फिर चौदह न आया, पंद्रह न आया, नानक डालते गए, तौलते गए और कहते गए- तेरा। गांव भर में खबर फैल गई कि वह दीवाना हो गया है; लोगों ने कहा, वह पहले से दीवाना है। अब नानक तौले जा रहे हैं, जो भी आ रहा है, उसे दिए जा रहे हैं, अब वह कुछ पैसे-वैसे भी नहीं ले रहे, क्योंकि जब तेरा- तो अब किससे क्या लेना? सूबेदार भागा-भागा आया। कहा, बरबाद कर दोगे, यह क्या लगा रखा है- तेरा? तेरा के बाद की गिनती भूल गया?

नानक ने तराजू वहीं रख दिया और सूबेदार से कहा, तेरा के बाद कोई संख्या नहीं है। अब मैं अच्छी तरह से जान गया हूं, सब उसी का है- ये अनाज, समस्त धन-संपत्ति, मैं, तुम, सब, उसके ही हैं। वही देने वाला है और वही लेने वाला है। हम सब तो उसके गुजरने के लिए एक मार्ग भर बन सकते हैं। यह नानक के लिए एक रूपांतरण का क्षण था। वह बोले, अब मैं जाता हूं, उसकी पुकार आ गई!

## शख्सियत — अरुण गोविल

# मशहूर अभिनेता, निर्माता और निर्देशक



अरुण गोविल एक भारतीय अभिनेता, निर्माता और निर्देशक हैं। उन्होंने हिंदी, भोजपुरी, ब्रज भाषा, उड़िया और तेलुगु फिल्मों में अभिनय किया है। इसके बाद उन्हें सागर की बेहद सफल टीवी श्रृंखला रामायण (1986) में भगवान राम के रूप में लिया गया, जिसके लिए उन्होंने 1988 में अग्रणी भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में अपट्रॉन पुरस्कार जीता।

अरुण गोविल का जन्म 12 जनवरी 1958 को मेरठ, उत्तर प्रदेश में हुआ था। बेहतर स्रोत की आवश्यकता उन्होंने अपनी औपचारिक शिक्षा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश में प्राप्त की, जहां उन्होंने इंजीनियरिंग विज्ञान की पढ़ाई की और कुछ नाटकों में अभिनय किया। उन्होंने अपना किशोर जीवन उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में बिताया। उनके पिता चाहते थे कि वह एक सरकारी कर्मचारी बनें, जबकि अरुण कुछ ऐसा करना चाहते थे जिसके लिए उन्हें याद किया जाए। 1975 में, वह अपने भाई के व्यवसाय में शामिल होने के लिए मुंबई चले गए।

थोड़े समय के बाद, उन्होंने पाया कि अब उन्हें काम में मजा नहीं आ रहा है और उन्होंने कुछ और मनोरंजक खोजने का फैसला किया। कॉलेज में नाटक करने के बाद उन्होंने अभिनय शुरू करने का फैसला किया। गोविल को भारतीय सिनेमा में पहला ब्रेक 1977 की फिल्म पहेली में मिला, जब उनकी भाभी तबस्सुम ने उन्हें ताराचंद बड़जात्या से मिलवाया। उन्हें रामानंद सागर की हिट टेलीविजन श्रृंखला रामायण (1986) में भगवान राम की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने प्रशांत नंदा की पहेली (1977) से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की।

कनक मिश्रा की 'सावन को आने दो' (1979) और सत्येन बोस की 'सांच को आंच नहीं' (1979) में काम करने के बाद उन्हें स्टारडम मिला। उन्होंने रामानंद सागर की विक्रम और बेताल (1985) से छोटे पर्दे पर शुरुआत की। उन्होंने सागर के लव कुश में राम के रूप में अपनी भूमिका दोहराई। राम के रूप में उनकी भूमिका ने उन्हें बहुत पहचान दिलाई और उन्हें टीवी श्रृंखला विश्वामित्र में हरिश्चंद्र या टीवी श्रृंखला बुद्ध में बुद्ध जैसी अन्य प्रसिद्ध भूमिकाओं में काम करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने यूगो साको की इंडो-जापानी एनीमेशन फिल्म रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा (1992) में राम के रूप में अपनी आवाज दी।

## जीवन ऊर्जा

स्वामी विवेकानंदः जन्म, 12 जनवरी, 1863 — जन्म

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपने इस छोटे से जीवन में जो किया उसे ना सिर्फ भारत बल्कि उसका डंका पूरी दुनिया में बजता है। उनके ओजस्वी अनमोल विचार आज भी युवा,बच्चे और सभी उम्र के लोगों में प्रेरक पुंज के रुप में कौंधते हैं। वह भारत के ऐसे आध्यात्मिक गुरु हुए, जिनके विचारों, भाषणों और तर्कों का पूरी दुनिया ने लोहा माना। वे सदा अपने को गरीबों का सेवक कहते थे। भारत के गौरव को देश-देशांतरों में उज्ज्वल करने का उन्होंने सदा प्रयत्न किया। 4 जुलाई सन 1902 को उन्होंने देह त्याग दिया।

# जब तक जीना, तब तक सीखना

जो तुम सोचते हो वो हो जाओगे। यदि खुद को कमजोर सोचते हो तो कमजोर हो जाओगे, अगर खुद को ताकतवर सोचते हो, तुम ताकतवर हो जाओगे। उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए। पढ़ने के लिए जरूरी है एकाग्रता। एकाग्रता के लिए जरूरी है ध्यान। ध्यान से ही हम इन्द्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते हैं। जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि आप क्या सोचते हैं। जो तुम सोचते हो वो हो जाओगे। यदि तुम खुद को कमजोर सोचते हो, तो तुम कमजोर हो जाओगे। अगर खुद को ताकतवर सोचते हो, तो तुम ताकतवर



हो जाओगे। एक विचार लो। उस विचार को अपना जीवन बना लो, उसके बारे में सोचो उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका है। जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करिए, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है। ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वह हम ही हैं जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। तुम्हें अंदर से सीखना है सब कुछ। तुम्हें कोई नहीं पढ़ा सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। अगर यह सब कोई सिखा सकता है तो यह केवल आपकी आत्मा है। सच्चाई के लिए कुछ भी छोड़ देना चाहिए, पर किसी के लिए भी सच्चाई नहीं छोड़ना चाहिए। तुम किसी को दोष मत दो। अगर तुम अपने हाथ आगे बढ़ाकर किसी की मदद कर सकते हो तो करो, अगर नहीं कर सकते हो तो अपने हाथ बांधकर खड़े रहो।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# धन भौतिक वस्त्रों में नहीं, बल्कि संतोष और कृतज्ञता में है

एक बार एक साधू अपने ध्यान और तपस्या में लीन रहते हुए अपने जीवन का अधिकांश समय गांव-गांव घूमते हुए व्यतीत करता था। एक दिन वह साधू अपनी यात्रा पर निकला और चलते-चलते एक छोटे से गांव के पास पहुँचा। वहाँ एक प्राचीन मंदिर था, जिसे देखकर





**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

साधू का मन भगवान की भक्ति में और गहरा हो गया।

साधू ने अपनी फटी हुई धूल से सनी धोती को ठीक किया और भगवान के दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश किया। मंदिर में भगवान की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर साधू ने कहा-हे प्रभु आप तो अत्यंत दयालु और कृपालु हैं। आपने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं आपके इस जीवनदान के लिए आपका हृदय से आभारी हूँ। आपका अनुग्रह मेरे ऊपर सदैव बना रहे।

उसी समय एक नास्तिक व्यक्ति जो मंदिर के पास ही बैठा था। साधू की यह बातें सुनकर हँसने लगा। उसने साधू का मजाक उड़ाते हुए कहा-अरे तू तो एक फटी हुई पुरानी धोती में घूम रहा है। तेरे पास कुछ भी नहीं है, फिर भी तू कहता है कि भगवान ने तुझे बहुत कुछ दिया है। ये कैसी अजीबोगरीब बात है। साधू ने मुस्कराते हुए बड़े शांत स्वर में उत्तर दिया-पागल मैं नहीं तुम हो जब मैं इस संसार में आया था तब मेरे तन पर यह धोती भी नहीं थी। भगवान ने मुझे जीवन दिया। इस धरती पर चलने के लिए पांव दिए और सोचने के लिए मस्तिष्क दिया। मेरे पास जो कुछ भी है, वह भगवान का ही दिया हुआ है। इसलिए मैं उनकी कृपा के लिए हमेशा कृतज्ञ रहूँगा।

साधू की गहरी बात सुनकर नास्तिक चुप हो गया और उसे पहली बार यह एहसास हुआ कि असली धन भौतिक वस्त्रों में नहीं, बल्कि संतोष और कृतज्ञता में होता है।

# जीवन की हर समस्या का समाधान- गीता



जीवन जीने की दिव्यतम् भव्यतम् कल्पना का साकार रूप ही श्रीमद्भगवद्गीता है। जीवन की ऐसी कोई समस्या नहीं, जिसका समाधान गीता से न प्राप्त किया जा सके। गीता अर्जुन के समक्ष अवश्य गायी गई, लेकिन केवल अर्जुन के लिए नहीं गायी गई। भगवान श्रीकृष्ण ने हमे गीता में संदेश दिया है कि जीवन में समत्व को धारण करते हुए लाभ-हानि में सुख-दुःख में और सम-विषम परिस्थितियों में आनंदपूर्वक जी सकें।

वर्तमान समय में मनुष्य जीवन की बहुत सारी समस्याओं से पीड़ित है। मनुष्य केवल अभाव से दुःखी नहीं है, अपितु अपने स्वभाव से दुःखी है। वो दुःखी है, खिन्न है, विषादग्रस्त है, लेकिन इन सबके पीछे के कारणों से भी अनभिज्ञ है। गीता रोग भी बताती है, औषधि भी बताती है और मानव मन का उपचार भी करती है। हमारे जीवन का विषाद प्रसाद बन जाये यही तो गीता जी के आश्रय का फल है।

## अपने विचार



मैं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसलिए नहीं हूं कि मैं अकेला हूं। मेरी पत्नी बहुत अच्छी है, मुझे उसे देखना पसंद है। मैं सोशल मीडिया पर इसलिए हूं, क्योंकि यह एक अद्भुत बिजनेस टूल है।

**-आनंद महिंद्रा**, बिजनेसमैन



जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया, अन्ना जैसे संत पुरुष को आगे करके सत्ता में आए उन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया कि देश के सभी सरकारों के रिकॉर्ड तोड़ दिए।

**-अमित शाह**, गृहमंत्री



जब भी बड़े खिलाड़ियों की बात आती है तो हम एक देश के रूप में तर्कसंगत नहीं रह पाते हैं। हमारे ऊपर भावनाएं बहुत भारी पड़ती हैं। इन खिलाड़ियों पर निर्णय लेने की स्थिति में रहने वाले माहौल से प्रभावित होते हैं।

**-संजय मांजरेकर,** कॉमेंटेटर



जब भी किसी क्रिकेटर का ब्रेकअप होते है या तलाक लेता है, तो महिला को चारों तरफ से कोसा जाता है, सिर्फ इसलिए कि हमारे दिमाग में हमारा क्रिकेटर हमारा हीरो होता है।

**-उर्फी जावेद,** अभिनेत्री

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
**indiagroundreport@gmail.com**
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# बालासाहेब ठाकरे राष्ट्रीय स्मारक का पहला चरण पूरा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

दादर स्थित पुराने महापौर निवास पर बन रहे हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के राष्ट्रीय स्मारक के पहले चरण का काम पूरा हो गया है। शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने इसकी जानकारी दी और इस उपलब्धि को ऐतिहासिक क्षण बताया।



### आदित्य ठाकरे ने दी जानकारी

आदित्य ठाकरे ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए बताया कि पहले चरण में महापौर निवास की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया गया है और उसे संग्रहालय में परिवर्तित कर दिया गया है। इस संग्रहालय में बालासाहेब ठाकरे के जीवन और कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियां उनकी प्रेरक यात्रा से प्रेरित हो सकें। इसके अलावा, स्मारक में प्रवेश द्वार, प्रशासनिक भवन और इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण भी पूरा किया गया है। इन सभी कार्यों के लिए ठेकेदार कंपनी के रूप में टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई थी।

### पहले चरण पर कुल 180.99 करोड़ रुपये की लागत

स्मारक के पहले चरण पर कुल 180.99 करोड़ रुपये की लागत आई है। आदित्य ठाकरे ने इस परियोजना को बहुत अहम और ऐतिहासिक बताया और बताया कि यह केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि एक प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। आदित्य ठाकरे ने कहा कि पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अब दूसरा चरण जल्द ही शुरू होने वाला है। दूसरे चरण में बालासाहेब ठाकरे के जीवन की पूरी कहानी को इस स्मारक में प्रदर्शित की जाएगी, इससे लोग उनके संघर्षों और योगदानों से प्रेरित हो सकेंगे।

### बालासाहेब ठाकरे का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रेत



वहीं, शिवसेना यूबीटी नेता और सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम लोग उनके जीवन को करीब से देख रहे थे। 1966 से लेकर आज तक उनके साथ शिवसेना से लेकर कई पदों पर कार्य किया। आज जब उनका राष्ट्रीय स्मारक का पहला चरण पूरा हुआ, तो यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। मन में एक तरह का सूख और दुख का अहसास हो रहा है, क्योंकि हम उन लम्हों को जीते हुए महसूस कर रहे हैं। आंसू और हंसी दोनों ही आते हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि हमने बालासाहेब के साथ कई महत्वपूर्ण घटनाएं देखी हैं।

# फाइलों में अटका ठाणे बायोडायवर्सिटी उद्यान विकसित करने का निर्णय

## जिला प्रशासन ने जमीन नहीं की अलॉट

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

मीरा-भाईंदर शहर के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठाणे की तर्ज पर वर्ष 2016 में पहली बार यहां बायोडायवर्सिटी उद्यान (जैव विविधता उद्यान) विकसित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन पिछले 7 से 8 वर्षों से प्रस्तावित इस उद्यान के निर्माण की दिशा में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिससे मीरा भाईंदर शहर आजतक बायोडायवर्सिटी उद्यान से वंचित है। बता दें कि ठाणे जिले के मीरा भाईंदर पश्चिम में उत्तन के केशव सृष्टि के पास 99 हेक्टर सरकारी जमीन को पर्यटन स्थल के लिए आरक्षित किया गया है। जिसमें से 31 हेक्टर की क्षेत्रफल पर बायोडायवर्सिटी उद्यान का निर्माण प्रस्तावित है। 30 नवंबर 2018 में बायोडायवर्सिटी पार्क के निर्माण हेतु 120 करोड़ रुपए पर्यटन प्रकल्प और जमीन हस्तांतरित करने को प्रशासकीय मंजूरी शीघ्र देने का निर्देश तत्कालीन पर्यटन मंत्री जयकुमार रावल ने एक अहम बैठक में दिया था। इस बैठक में जैव विविधता उद्यान के लिए जिला प्रशासन की तरफ से 31 हेक्टर जमीन देने की सहमति मिल गई थी। लेकिन राज्य सरकार द्वारा कई बार जिला प्रशासन को निर्देश दिए जाने के बाद भी अभी तक उक्त जमीन मीरा-भाईंदर मनपा को हस्तांतरित नहीं किए जाने का मामला सामने आया है।

# ज्ञानेश्वर मार्शले ने आंदोलन की दी चेतावनी

## उल्हासनगर कब्रिस्तान में अव्यवस्था, रजिस्ट्रेशन और रसीद मिलने में देरी पर मनपा प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

शिवसेना प्रभाग प्रमुख ज्ञानेश्वर मारसले ने उल्हासनगर शहर के श्मशान घाट में अव्यवस्था को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतकों के परिजनों को श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के बाद रजिस्ट्रेशन और रसीद नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मनपा प्रशासन को इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया और चेतावनी दी कि यदि संबंधित कर्मचारियों को निलंबित नहीं किया गया, तो वह जोरदार आंदोलन करेंगे।




### श्मशान भूमि और ट्रस्ट कार्यालय में अव्यवस्था

मारसले के अनुसार, उल्हासनगर-2 स्थित मनपा श्मशान भूमि और शमशान ट्रस्ट का कार्यालय पिछले एक-दो माह से बंद है, जिसके कारण दाह संस्कार के बाद मृतकों का पंजीकरण समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा, रसीद मिलने में भी देरी हो रही है, जिससे मृतकों के परिजन मानसिक रूप से अधिक परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को पहले ही शोक का सामना करना पड़ता है, और अब उन्हें इस प्रशासनिक अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है।



### मनपा प्रशासन को चेतावनी

ज्ञानेश्वर मारसले ने कहा कि यह जानबूझकर किया जा रहा है, जबकि शव दहन के बाद रसीदें और अन्य जरूरी दस्तावेज प्राप्त करना अनिवार्य है, ताकि भविष्य में कोई समस्या न हो। इस संबंध में शिवसेना के अन्य नेताओं, जैसे उपविभाग प्रमुख सागर पगारे, रवि मारसले, शाखा प्रमुख रवींद्र सौदागर और दयानंद ढगे ने एक प्रतिनिधिमंडल के रूप में मनपा अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर से मुलाकात की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस समस्या से नागरिकों को निजात दिलाई जाए और अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत निलंबित किया जाए। मारसले ने चेतावनी दी कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो शिवसेना जोरदार आंदोलन करेगी।

# भ्रामक पाए गए 1000 से अधिक रियल एस्टेट विज्ञापन

## एफपीसीई ने रियल एस्टेट विज्ञापनों की आलोचना की

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

उपभोक्ता अधिकार संस्था फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स (एफपीसीई) ने महाराष्ट्र में रियल एस्टेट विज्ञापनों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। संस्था ने केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के सचिव को एक पत्र लिखकर भ्रामक विज्ञापनों के जरिए फ्लैट खरीदारों को धोखा देने वाले डेवलपर्स के खिलाफ महाराष्ट्र रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (महारेरा) की निवारक कार्रवाई की आलोचना की है।



### सख्त दंड की आवश्यकता

महारेरा द्वारा लागू किए गए जुर्माने को अपर्याप्त बताते हुए, उपाध्याय ने कहा कि डेवलपर्स जुर्माने की मामूली राशि (औसतन 15,000-20,000 रुपये) के बावजूद भ्रामक विज्ञापनों के जरिए सैकड़ों खरीदारों को धोखा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जुर्माने के बजाय अधिक सख्त कार्रवाई की जरूरत है, जैसे परियोजना पंजीकरण रद्द करना, ताकि ग्राहक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### रेरा की कार्यप्रणाली पर सवाल

एफपीसीई के अध्यक्ष अभय उपाध्याय ने कहा, एएससीआई ने केवल महारेरा के सीमित निर्देशों के आधार पर विज्ञापनों की समीक्षा की है, लेकिन उपभोक्ता दृष्टिकोण से ये विज्ञापन अक्सर गुमराह करते हैं। उन्होंने बताया कि डेवलपर्स अक्सर छवियाँ और विवरण गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं और विज्ञापनों में प्रयुक्त क्यूआर कोड सुविधाओं का सटीक विवरण नहीं देते, जिससे रेरा अधिनियम का उल्लंघन होता है।

### भ्रामक विज्ञापनों के आंकड़े और चिंताएँ

एफपीसीई ने भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) की अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि महाराष्ट्र में जांचे गए 2115 रियल एस्टेट विज्ञापनों में से 1027 विज्ञापन भ्रामक पाए गए और रेरा अधिनियम का उल्लंघन करते थे। रिपोर्ट के अनुसार, एएससीआई द्वारा दिए गए निर्देशों के बावजूद, डेवलपर्स विज्ञापनों में नियमों का उल्लंघन करना जारी रखते हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम और गलत जानकारी फैलती है।

# नालासोपारा एसटी बस स्टैंड का सीमेंट कंक्रीटिंग कार्य लगभग पूरा

**आशु विश्वकर्मा | नालासोपारा**

वसई-विरार क्षेत्र में विकास की दिशा में नालासोपारा एसटी बस स्टैंड का कायाकल्प एक अहम कदम है। वर्षों से जर्जर और गड्ढों से भरे इस बस स्टैंड के कारण नागरिकों को रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में भारी कठिनाई होती थी। अब सीमेंट कंक्रीटिंग का काम लगभग पूरा होने को है।



### 20,000 वर्ग फीट क्षेत्र में कंक्रीटिंग

नालासोपारा बस स्टैंड में 1,900 वर्ग मीटर या लगभग 20,000 वर्ग फीट क्षेत्र में सीमेंट कंक्रीटिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब नागरिकों को बस स्टेशन पर बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और बारिश के दौरान परेशानी कम होगी।

### नेताओं की सक्रिय भागीदारी

हाल ही में भाजपा अनु सूचित जाति मोर्चा के महासचिव एडवोकेट सतीश भोंडवे, शहर उपाध्यक्ष जितेंद्र नाइक और अन्य पदाधिकारियों ने नालासोपारा पश्चिम बस स्टेशन के डिपो मैनेजर से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। भोंडवे ने कहा कि इस परियोजना से नागरिकों को आने वाले समय में काफी राहत मिलेगी।

### मानसून में राहत की उम्मीद

नालासोपारा बस स्टैंड की खराब स्थिति से नागरिकों को खासकर बारिश के दौरान भारी परेशानी होती थी। कीचड़ और पानी से गुजरने की समस्या को देखते हुए, महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने न केवल नालासोपारा, बल्कि वसई और विरार के बस स्टैंडों को भी सीमेंट कंक्रीट से पक्का करने का निर्णय लिया है। यह काम महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (MIDC) द्वारा 600 करोड़ रुपये की लागत से 155 एसटी बस स्टैंडों के निर्माण के तहत किया जा रहा है।

### महायुति सरकार का तोहफा

भाजपा वसई-विरार जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने इसे महायुति सरकार की ओर से वसई-विरार क्षेत्र को एक उपहार बताया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बदलाव बड़े पैमाने पर देखने को मिलेगा। विधायक राजन नाइक के नेतृत्व में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में नागरिकों से संवाद कर क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# सीसीआरएस ने मुंबई मेट्रो लाइन 7 और 2ए पर पूर्ण गति से परिचालन को दी मंजूरी

## सुरक्षा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई मेट्रो नेटवर्क को एक बड़ी सफलता मिली है, क्योंकि मुख्य रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस), नई दिल्ली ने मुंबई मेट्रो लाइन 7 (रेड लाइन) और लाइन 2ए (येलो लाइन) पर नियमित परिचालन के लिए सुरक्षा प्रमाणपत्र प्रदान किए हैं। इस मंजूरी से दोनों लाइनों पर अब 50 से 60 किमी प्रति घंटे की बजाय 80 किमी प्रति घंटे की गति से परिचालन किया जा सकेगा, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा अधिक तेज और सुविधाजनक होगी।

### प्रतिदिन 2.5 लाख से अधिक यात्री करते हैं यात्रा



इन मेट्रो लाइनों पर प्रतिदिन 2.5 लाख से अधिक यात्री यात्रा करते हैं और अब तक इन मार्गों पर कुल 150 मिलियन से अधिक यात्री यात्रा कर चुके हैं। दहिसर से डीएन नगर तक मेट्रो लाइन 2ए 18.6 किमी लंबी है, जबकि मेट्रो लाइन 7 अंधेरी (पूर्व) से दहिसर (पूर्व) की दूरी 16.5 किमी है।

### मेट्रो यात्रा का अनुभव और बेहतर

एमएमआरडीए ने इन लाइनों में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया है, जैसे चालक रहित ट्रेन सेट, सीबीटीसी सिग्नलिंग, प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाजे, और अभिनव टिकटिंग प्रणाली। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस विकास को मुंबई को एक विश्वस्तरीय शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया, वहीं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसे शहर में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के रूप में एक बड़ा बदलाव बताया। महानगर आयुक्त संजय मुखर्जी ने कहा कि यह उपलब्धि एमएमआरडीए के उच्चतम सुरक्षा मानकों और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रतीक है, जो मेट्रो यात्रा का अनुभव और बेहतर बनाएगी।

# मुंबई मेट्रो लाइन 7 और 2A के लिए सुरक्षा प्रमाणन जारी

## नियमित संचालन की शुरुआत

**डीबीडी संवाददाता | नई दिल्ली**



मुंबई मेट्रो के दो प्रमुख मार्गों, मेट्रो लाइन 7 (रेड लाइन) और मेट्रो लाइन 2A (येलो लाइन) के लिए मुख्य रेल सुरक्षा आयुक्त (CCRS) ने सुरक्षा प्रमाणन प्रदान किया है। यह प्रमाणन मेट्रो के अनंतिम प्राधिकरण के दौरान निर्धारित सभी शर्तों के सफल अनुपालन को दर्शाता है। इसके परिणामस्वरूप, अब इन लाइनों का संचालन 80 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति पर बिना किसी प्रतिबंध के संभव हो गया है। यह गति पहले 50 से 60 किमी प्रति घंटे की अस्थायी सीमा से कहीं अधिक है।

### मुंबई के व्यस्त मार्गों पर महत्वपूर्ण भूमिका

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) द्वारा संचालित मेट्रो लाइन 2A और 7, मुंबई के व्यस्ततम मार्गों पर यात्रा करने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान बन गई हैं। मेट्रो लाइन 2A दहिसर से डीएन नगर तक फैली है, जो 18.6 किमी लंबी है और इसमें 17 स्टेशन हैं। मेट्रो लाइन 7 अंधेरी (पूर्व) से दहिसर (पूर्व) तक 16.5 किमी तक फैली है, जिसमें 13 स्टेशन हैं। दोनों लाइनों की संयुक्त सेवा प्रतिदिन 2.5 लाख से अधिक यात्रियों को प्रदान की जाती है, और संचालन शुरू होने के बाद से इनकी संचयी सवारियों की संख्या 15 करोड़ से अधिक हो गई है। एमएमआरडीए ने इन लाइनों पर अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया है, जिसमें चालक रहित ट्रेनसेट, सीबीटीसी (संचार-आधारित ट्रेन नियंत्रण) सिग्नलिंग, प्लेटफ़ॉर्म स्क्रीन दरवाज़े और उन्नत टिकटिंग सिस्टम शामिल हैं। ये पहल मुख्यमंत्री के १मिनटों में मुंबईर के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से एक सुरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल और कुशल मेट्रो नेटवर्क के निर्माण को दर्शाती हैं।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** आपका व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। घर में तनाव रहेगा। पार्टनरों से मतभेद व कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है।

**वृष:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। कोई बड़ा सौदा हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। घर-बाहर सभी तरफ से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**मिथुन:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। सभी कार्य समय पर होंगे। निवेश शुभ रहेगा। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**कर्क:** संतान के रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कारोबारी व्यस्तता रहेगी। कोई आनंददायक यात्रा का आयोजन हो सकता है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह:** व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। आय बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। मेहनत अधिक होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

**कन्या:** धन का निवेश करना आज शुभ रहेगा, इससे आगामी समय में अच्छा लाभ मिलेगा। मेहनत का फल प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला:** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नए मित्र बनेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। अच्छे समाचार मिलेंगे। अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य की अनुकूलता रहेगी। प्रमाद न करें। उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे।

**धनु:** आज पारिवारिक बहस के चलते जीवनसाथी से असहयोग मिलेगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। किसी भी तरह के धन के लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। धनहानि हो सकती है। विवाद से बचें। झंझटों से दूर रहें।

**मकर:** घर-बाहर जीवन सुखमय रहेगा। रुका हुआ धन मिलने के योग हैं, प्रयास करते रहें। यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। भाइयों का सहयोग प्रसन्नता में वृद्धि करेगा।

**कुंभ:** आज रोजगार में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। नए काम मिल सकते हैं। बाहर जाने का मन बनेगा। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी।

**मीन:** नौकरी में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। आज लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। थकान रहेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी।

# जानें ज्योतिष में षोडशवर्ग क्या है?

### भाग 1.2.3.(डी-1-डी-60') भाग-5

■ सप्तमांश कुंडली का बली लग्न/लग्नेश संतति उत्पत्ति सुनिश्चित करते हैं।

■ सप्तमांश कुंडली में पंचम/पंचमेश एवं कारक गुरु की शुभ स्थिति संतति उत्पत्ति की पुष्टि करते हैं।

■ जन्म कुंडली के लग्नेश की सप्तमांश कुंडली में शुभ स्थिति संतान से अच्छे संबंधों की ओर इशारा करती है।

■ पुत्र सहम की जन्म एवं सप्तमांश कुंडली में स्थिति भी संतान के साथ संबंधों की गुणवत्ता को दर्शाती है।

■ बीज/क्षेत्र स्फुट से प्रजनन एवं उत्पत्ति की क्षमता का आकलन होता है। जातक की सप्तमांश कुंडली में लग्न में योगकारक शनि स्थित है, लग्न पाप कर्तरी में है, लग्नेश पर गुरु की दृष्टि है, लग्नेश द्वादश में भी है। पंचम भाव शुभ कर्तरी में है, पंचमेश पर गुरु एवं योगकारक शनि की दृष्टि है। इनसे संतान उत्पत्ति तो सुनिश्चित लग रही है परन्तु लग्न/लग्नेश पर कुछ पीड़ा होने के कारण कुछ देरी भी संभव है। जन्म कुंडली का लग्नेश शनि, सप्तमांश कुंडली में योगकारक है और लग्न में ही स्थित है, अर्थात जातक और संतान के संबंध भी अच्छे ही होने चाहिये। जातक के एक पुत्री (विवाह के तीन साल बाद) एवं एक पुत्र है और सम्बन्ध अच्छे हैं।





**प्रियंका जैन**
**9769994439**

6. नवांश (डी-9) उपयोग: नवांश कुंडली का प्रयोग जन्मकुंडली के पूरक के रूप में किया जाता है। मुख्य रूप से नवांश को विवाह के होने/न होने, वैवाहिक जीवन की गुणवत्ता और जीवन साथी का चरित्र आदि को जानने के लिये किया जाता है। नवमांश के स्वामी: चर राशि में देव, मनुष्य, राक्षस, स्थिर में मनुष्य, राक्षस, देव तथा द्विस्वभाव में राक्षस, देव, मनुष्य नवांश भाव के अधिपति होते हैं। अर्थात, राशि के नौ हिस्से होने से यह आवृत्ति तीन-तीन बार होगी।

कुछ मुख्य नियम:

■ जन्मकुंडली और नवांश कुंडली के लग्नेश के अच्छे संबंध जातक और उसके जीवन साथी के बीच परस्पर सहयोग, सुखमय संबंध और समन्वय दर्शाते हैं।

■ अगर जन्मकुंडली का सप्तमेश और नवांश कुंडली लग्न दोनों बली हों तो वैवाहिक जीवन सुखमय होता है। नवांश में सप्तम/सप्तमेश का निरीक्षण इसकी पुष्टि या मात्रा को कम/ज्यादा करता है।

■ नवांश में राजा सूर्य और रानी चन्द्र का एक दूसरे से अधिकतम दूरी यानी सम-सप्तक होने को वैवाहिक सुखों की दृष्टि से शुभ नहीं माना जाता है, जैसे आपसी विचारों में तालमेल की कमी, परस्पर सहयोग की कमी या परस्पर वैमनस्य का भाव आदि।

■ जन्मकुंडली के सप्तम, सप्तमेश और कारक शुक्र (पुरुष)/गुरु (स्त्री) की शुभ स्थिति विवाह होने की संभावनाओं को दर्शाती है। नवांश का बली लग्न विवाह होने की पुष्टि या मात्रा को कम/ज्यादा करता है। अधिकतर नवांश का बली लग्न विवाह को सुनिश्चित करता है।

**खबर संक्षेप**

### बटेंगे तो मिलेगा उत्पीड़न, धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा खामियाजा: सीएम योगी

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगा। दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के मंच पर पहुंचे। राम भक्तों ने जय श्री राम के उद्घोष से सीएम का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारंभ किया। छह साल के धावक मोहब्बत, पंजाब से दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचे। यहां प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के मंच पर सीएम योगी ने सम्मानित किया। सीएम ने उन्हें मोबाइल गिफ्ट में दिया।

### सुप्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि डॉ. मक्खन मुरादाबादी का निधन



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि डॉ. डॉ कारेंद्र देव त्यागी उर्फ मक्खन मुरादाबादी का आकस्मिक निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु की खबर से साहित्य और कला जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. मक्खन मुरादाबादी ने अपनी चुटीली और हास्य-व्यंग्य से भरपूर कविताओं के जरिए समाज की कड़वी सच्चाइयों को अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी रचनाएं न केवल मनोरंजन करती थीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का काम भी करती थीं। उनकी इस अद्भुत कला ने उन्हें जन-जन का चहेता बना दिया था। डॉ. मुरादाबादी की अंतिम यात्रा शाम पांच बजे उनके नवीन नगर स्थित निवास से मोक्ष धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

### दरभंगा को 2000 करोड़ की सौगात

**दरभंगा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में दरभंगा पहुंचे। जहां उन्होंने वृहद आश्रय गृह और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित 2000 करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम ने इस दौरान जीविका दीदियों और टोला सेवकों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

# योगी सरकार ने 15 अफसरों के किए तबादले

## लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद में बड़ा फेरबदल

**एजेंसी । लखनऊ**

यूपी में योगी सरकार की तबादला एक्सप्रेस लगातार चल रही है। आईएएस और आईपीएस के बाद अब योगी सरकार दूसरे महकमों में भी अफसरों का ट्रांसफर कर रही है। इसी कड़ी में अब राज्य वाणिज्य कर विभाग में बड़े स्तर पर तबादले किए गए हैं। इस संबंध में प्रमुख सचिव राज्य कर एम देवराज ने आदेश जारी किया है। तबादलों में राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त और उपायुक्त रैंक के अफसर शामिल हैं। शनिवार को जिन राज्य कर के अफसरों के तबादले किए गए है उनमें सोनभद्र के अपर आयुक्त लक्ष्मीकांत त्रिपाठी को अपर आयुक्त प्रयागराज, मुजफ्फरनगर में तैनात उपायुक्त बृजेश कुमार को प्रोन्नत करते हुए संयुक्त आयुक्त एस आई बी वाराणसी प्रथम, आगरा में उपायुक्त टैक्स ऑडिट रमेश कुमार सिंह को प्रोन्नत कर संयुक्त आयुक्त कानपुर, मिर्जापुर में तैनात अपर आयुक्त शरद कुमार शुक्ला को अपर आयुक्त ग्रेड टू अपील के पद पर सोनभद्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### इन अफसरों के भी हुए तबादले



आगरा में तैनात उपायुक्त टैक्स ऑडिट रमेश कुमार सिंह को प्रोन्नत करते हुए संयुक्त आयुक्त कार्यपालक कानपुर द्वितीय, अयोध्या के अपर आयुक्त ग्रेट 2 अपील 1 जयशंकर सहाय को अपील टू का भी अतिरिक्त प्रभार, अपर आयुक्त ग्रेड 2 धर्मवीर सिंह को अपर आयुक्त अपील 3 गाजियाबाद, अंजनी कुमार अग्रवाल को लखनऊ से गाजियाबाद अपर आयुक्त एसआईबी, लखनऊ में तैनात अपर आयुक्त ग्रेड 2 कैलाश नाथ पाल को कानपुर भेजा गया है। इसी तरह मोनू त्रिपाठी को ग्रेड 2 प्रयागराज से गाजियाबाद, दीनानाथ का ट्रांसफर अपर आयुक्त ग्रेट 2 अयोध्या से प्रयागराज, मुजफ्फरनगर में तैनात अपर आयुक्त ग्रेट 2 बृजेश कुमार को वाराणसी भेजा गया है।

### कई आईपीएस और आईएएस का ट्रांसफर पहले हो चुका




बता दें कि बीती छह जनवरी को यूपी में योगी सरकार ने 17 आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए थे। सुल्तानपुर, अमरोहा, लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, मैनपुरी, भदोही और बस्ती के पुलिस कप्तानों को बदल दिया गया था। इसके पहले योगी सरकार की ओर से यूपी में 11 IAS अफसरों का ट्रांसफर किया गया था। तीन मंडलों को नए कमिश्नर मिले थे। योगी सरकार की ओर से प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में बदलाव लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब राज्य कर विभाग के बड़े अफसरों का तबादला किया गया है।

# कन्नौज स्टेशन पर निर्माणाधीन लिंटर गिरा

**एजेंसी । कन्नौज**

उत्तर प्रदेश के कन्नौज में शनिवार को एक बड़ा हादसा हुआ है। कन्नौज में शनिवार को रेलवे स्टेशन के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग का लिंटर गिर गया। घटना में कई मजदूरों के दबे होने की आशंका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 से अधिक मजदूर यहां पर काम में लगे हुए थे। रेलवे स्टेशन की दो मंजिला बिल्डिंग का लिंटर डाला जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। वहीं हादसे के बाद चश्मदीद ने आखों देखा हाल बताया।



### हादसे का सीएम योगी ने लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज जनपद में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। वे इस घटना में घायल मजदूरों को जल्द से जल्द सहायता प्रदान करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए।

### मुआवजे की घोषणा, गंभीर रूप से घायलों को 50000 रुपए की मदद

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह का कहा, "हमें घटना की जानकारी दोपहर 2 :39 बजे मिली। 5 मजदूर घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। गंभीर रूप से घायलों को 50000 रुपये और मामूली रूप से घायलों को 5000 रुपये मुआवजे की घोषणा की गई है।

### चश्मदीद ने बताया आंखों देखा हाल

कन्नौज निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन पर काम कर रहे मजदूर महेश कुमार ने हादसे के भयावह मंजर के बारे में बताया। महेश कुमार ने बताया कि, 'हम लोग खाना खाने के बाद काम करने गए। वहीं बिल्डिंग का लिंटर पड़ने के लिए जैसे ही तैयार मसाले की पहली ट्रॉली ऊपर गई। ट्राली के ऊपर जाते ही पूरा का पूरा लिंटर नीचे आ गिरा। मेरा एक पैर ट्रॉली और दूसरा पैर लिंटर पर था, इसलिए जान बच गई। वहां करीब 40-50 मजदूर काम कर रहे थे, सभी लिंटर के नीचे दब गए हैं।

# BPSC ने खान सर को भेजा लीगल नोटिस

## 15 दिनों का दिया अल्टीमेटम

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने शनिवार को खान ग्लोबल स्टडीज के संचालक खान सर को लीगल नोटिस भेजा है। आयोग ने उन्हें यह नोटिस नॉर्मलाइजेशन के विरोध में दिए गए बयान के आधार पर भेजा है। बता दें कि पिछले साल 6 दिसंबर को बीपीएससी अभ्यर्थियों ने पटना में 70वीं पीटी परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन न लागू करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान खान सर ने अभ्यर्थियों के बीच में पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन करते हुए कहा था कि हम किसी भी कीमत पर नॉर्मलाइजेशन नहीं लागू होने देंगे। हालांकि आयोग ने यह पहले ही साफ कर दिया था कि वह इस परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं करने जा रहा है।

### खान सर ने आयोग को बताया था चोर



BPSC ने खान ग्लोबल के पांचो सेंटर पर आयोग ने नोटिस भेजा है। खान सर ने आयोग को चोर बोला था, जिसके बाद दिल्ली के मुखर्जी नगर, करोल बाग, पटना के बोरिंग रोड और मुसल्लपुर हाट और प्रयग्राज वाले सेंटर पर नोटिस भेजा गया है।

### खान सर पर अफवाह फैलाने का आरोप

नोटिस में कहा गया है कि फैजल खान उर्फ़ खान सर ने 05 ।12 ।2024 और 06 ।12 ।2024 को बीपीएससी से बिना पता लगाए या पुष्टि किए ही 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा में सामान्यीकरण यानी नॉर्मलाइजेशन लागु किए जाने के बारे में गलत सूचना/अफवाह फैलाई है। आरोप लगाया कि खान सर ने अभ्यर्थियों को निराधार सूचना/अफवाहों पर इकट्ठा होने और बिहार लोक सेवा आयोग के खिलाफ विरोध करने के लिए उकसाया है। नोटिस में कहा गया है कि खान सर ने अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियां की हैं, जैसे कि "ये मध्यम वर्ग के बच्चे हैं। कोई इनके एस ।डी ।एम। की सीट, कोई इनके डी ।एस ।पी। का सीट बेचेगा, हम होने नहीं देंगे।

### जवाब नहीं देने पर होगी कारवाई

वकील ने खान सर को लीगल नोटिस भेज कर उनसे जवाब मांगा है। जवाब नहीं देने पर उनके खिलाफ आईटी एक्ट के तहत बिहार लोक सेवा आयोग मामला भी दर्ज करा सकता है। बिहार लोक सेवा आयोग ने खान सर को नोटिस देकर उनके उस बयान के बारे में पूछा है कि आपने किस तरीके से यह कहा कि बीपीएससी का सीट बेचा जा रहा है।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**एजेंसी । चंदौली**

शहाबगंज स्थित आस्था क्लीनिक में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल संचालिका मौके से फरार हो गई। हंगामे की सूचना पर सीओ ने इलिया और चकिया थाने की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और परिजनों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने जच्चा-बच्चा के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# खुद के दम पर बनाएंगे सरकार: तेजस्वी यादव



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बगहा पहुंचकर कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद सम्मेलन के दौरान तिरुपति चीनी मिल प्रांगण में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एनडीए पर जमकर निशाना साधा। एनडीए के कार्यकर्ता मेला पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उनके कार्यकर्ता मेला और मेरा रोजगार मेला की तुलना नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि इस साल होने वाले चुनाव में हम खुद के दम पर सरकार बनायेंगे। हम जनता के बीच में जा रहे हैं और बता रहे हैं कि कैसे महागठबंधन की सरकार आने के बाद बिहार में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## व्यापार जगत

# किसानों को बजट में बड़ी राहत देने की तैयारी में सरकार

## क्रेडिट कार्ड पर 5 लाख के उधार की उम्मीद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार 1 फरवरी को केंद्रीय बजट 2025-26 संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है। इस बजट में सरकार किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आ सकती है। सरकार आगामी बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने की योजना बना रही है। जानकारों का कहना है कि, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट में आखिरी बार बदलाव काफी समय पहले हुआ था। इसके बाद से ही सरकार को इसे बढ़ाने की लगातार मांगें मिल रही थी।

### 1988 में हुई थी किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत



दरअसल, किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत 1998 में की गई थी। इसके तहत खेती और उससे जुड़ी गतिविधियों में लगे किसानों को 9 फीसदी ब्याज दर पर अल्पकालीन फसल ऋण दिया जाता है। सरकार किसानों को ब्याज पर 2 फीसदी छूट देती है और समय से अदायगी करने वाले किसानों के ब्याज में बतौर प्रोत्साहन 3 फीसदी कमी और कर दी जाती है। इस तरह किसानों को सालाना 4 फीसदी दर पर कर्ज मिल जाता है। इस योजना के तहत सक्रिय क्रेडिट कार्ड खातों की संख्या 30 जून, 2023 तक 7.4 करोड़ से अधिक थी और उन पर 8.9 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बकाया था।

### कई साल से नहीं बढ़ी केसीसी पर उधारी की सीमा

कृषि क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि,इन दिनों खेती की लागत बहुत बढ़ी है मगर किसान क्रेडिट कार्ड पर उधारी की सीमा कई साल से बढ़ाई नहीं गई। अगर सरकार ये दायरा में इजाफा करती है तो कृषि क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कृषि आय बढ़ाने में मदद भी होगी। सरकार के इस कदम से किसानों की जीवनशैली में ही सुधार नहीं होगा, बल्कि बैंकिंग प्रणाली का जोखिम भी घटेगा क्योंकि किसान समय पर कर्ज चुका देंगे। क्योंकि किसान क्रेडिट कार्ड का उद्देश्य बड़ी जमीन वाले किसानों को ही नहीं बल्कि छोटी जोत वाले किसानों और पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों में लगे लोगों को भी अपने दायरे में लाना है।

# भारत यूएन-सीईबीडी में हुआ शामिल



**नई दिल्ली।** भारत आधिकारिक सांख्यिकी के लिए बनी बिग डेटा और डेटा विज्ञान पर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की समिति (यूएन-सीईबीडी) में शामिल हो गया है। यह वैश्विक सांख्यिकीय समुदाय में भारत के बढ़ते कद का प्रमाण है। यूएन-सीईबीडी की स्थापना बिग डेटा के लाभों और चुनौतियों की जांच करने के लिए की गई थी। इसके कार्यों में सतत विकास लक्ष्यों की निगरानी और रिपोर्टिंग शामिल है। सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के बयान में कहा गया है कि समिति के सदस्य के रूप में भारत आधिकारिक सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए बिग डेटा और डेटा विज्ञान का उपयोग करने में वैश्विक मानकों और प्रथाओं को आकार देने में योगदान देगा। विशेषज्ञ समिति में भारत की सक्रिय भागीदारी, इसकी अग्रणी पहलों को उजागर करेगी, जिसमें डेटा इनोवेशन लैब की स्थापना और नीति निर्माण के लिए उपग्रह इमेजरी और मशीन लर्निंग जैसे वैकल्पिक डेटा स्रोतों की खोज शामिल है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### वैश्विक स्तर पर महंगाई में जारी रहेगी कमी



**नई दिल्ली।** आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के अनुसार वर्ष 2025 में भी वैश्विक स्तर पर कीमतों में नरमी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई से लड़ने के लिए जरूरी ऊंची ब्याज दरों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी में नहीं धकेला। जॉर्जीवा के अनुसार यह राहत की बात है और इससे कीमतों में नरमी दिखी है। ऊंची ब्याज दरों ने वांछित परिणाम दिए हैं। उभरते बाजारों की तुलना में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में हेडलाइन मुद्रास्फीति जल्दी ही लक्ष्य के भीतर वापस आ रही है। आईएमएफ प्रमुख के अनुसार स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था ₹थोड़ी कमजोर₹ रह सकती है। जॉर्जीवा ने यह भी कहा कि उन्हें इस वर्ष दुनिया में काफी अनिश्चितता की आशंका है, मुख्यतः अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर।

### भारतीय अर्थव्यवस्था रह सकती है थोड़ी सुस्त: आईएमएफ



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का कहना है कि स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी कमजोर रह सकती है। उन्होंने इस बात भी जोर दिया कि उन्हें इस वर्ष विश्व में काफी अनिश्चितता की आशंका है, खासकर अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर।

जॉर्जीवा ने पत्रकारों के एक समूह के साथ अपनी वार्षिक मीडिया बैठक में कहा कि 2025 में वैश्विक वृद्धि स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन इसमें क्षेत्रीय भिन्नताएं होंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में थोड़ा कमजोर होगी, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया।

### पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या नौ वर्षों में 400 से बढ़कर 1.57 लाख




**नई दिल्ली।** देश के स्टार्टअप में नौ साल में फंडिंग 14 गुना से ज्यादा बढ़कर 115 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। 2016 में यह सिर्फ 8 अरब डॉलर थी। इस अवधि में स्टार्टअप इंडिया पहल के लॉन्च के बाद से 2024 के अंत तक पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 400 से बढ़कर 1.57 लाख से अधिक हो गई है। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के मुताबिक, समर्पित स्टार्टअप नीतियों वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्टार्टअप की संख्या 2016 के चार से बढ़कर 31 हो गई है। यूनिकॉर्न की भी संख्या कई गुना बढ़ी है। 2016 में 8 यूनिकॉर्न थे, जो अब 118 हो गए हैं। कम से कम एक अरब डॉलर मूल्य वाले स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहते हैं। सरकार ने नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप तंत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी।



# देशभर में सोने की कीमतों में उछाल, 24 कैरेट और 22 कैरेट दोनों महंगे हुए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमतों में तेज उछाल देखा गया। 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने की कीमतें देशभर के प्रमुख शहरों में बढ़ी हैं। 24 कैरेट सोनाः दिल्ली में 79,620 प्रति 10 ग्राम, मुंबई में 79,470, अहमदाबाद में 79,520, और चेन्नई व कोलकाता में 79,470 प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। लखनऊ और जयपुर में भी कीमत 79,620 प्रति 10 ग्राम रही, जबकि पटना में 79,520 प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। 22 कैरेट सोनाः दिल्ली, लखनऊ और जयपुर में 73,000 प्रति 10 ग्राम, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में 72,850, और पटना में 72,900 प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है
मुंबई, रविवार, 12 जनवरी 2025



# मोनफिल्स सबसे उम्रदराज एटीपी टूर चैंपियन बने



एजेंसी । ऑकलैंड

फ्रांस के गेल मोनफिल्स शनिवार को एटीपी टूर पर सबसे उम्रदराज चैंपियन बन गए। उन्होंने शुक्रवार को ऑकलैंड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में बेल्जियम के जिजो वर्ग्स को 6-3, 6-4 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। उन्होंने अपनी पहली ट्रॉफी जीतने के 20 साल बाद करियर का 13वां खिताब जीता। मोनफिल्स (38 साल 132 दिन) ने स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर (38 साल 74 दिन, 2019 बासेल) का छह साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। एटीपी टूर का 1990 में गठन किया गया था। इससे पहले पंचो गोंजालेज ने 1972 में जमैका में किंग्स्टन में जब खिताब जीता था तो उनकी उम्र 44 वर्ष, 7 महीने और 4 दिन थी। वहीं केन रोसवॉल 1977 में 43 साल की उम्र में हांगकांग में चैंपियन बने थे।

## मलेशिया ओपन सेमीफाइनल

# सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिली हार

एजेंसी । कुआलालंपुर

भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शनिवार को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी से हारकर मलेशिया ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 इवेंट से बाहर हो गई है। भारतीय जोड़ी दक्षिण कोरिया की किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 40 मिनट में सीधे गेम में 10-21, 15-21 से हार गई। इस परिणाम के साथ ही 1,450,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले वर्ष के पहले सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व भी समाप्त हो गया। टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में सात्विक-चिराग उपविजेता रहे थे। भारतीय जोड़ी की शुरुआत धीमी रही, शुरुआती गेम में वे 6-11 से पीछे चल रहे थे। कोरियाई जोड़ी ने इस गति का लाभ उठाते हुए पहला गेम मात्र 19 मिनट में 21-10 से जीत लिया है। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की और हाफ टाइम तक 11-8 से आगे चल रहे थे। हालांकि, उनका यह लाभ ज्यादा देर तक नहीं रहा और वे अंततः 15-21 से हार गए, जिससे प्रतियोगिता में उनका तीन मैचों का विजयी क्रम समाप्त हो गया। शुक्रवार को भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी टेओ को 49 मिनट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सीधे गेमों में 26-24, 21-15 से हराया था।



### 'यह हमारे लिए एक अच्छी सीख'

मैच के बाद भारतीय जोड़ी ने कहा, 'हमने उन्हें टूर्नामेंट में पहले भी खेलते देखा था और हम तैयार थे। लेकिन मुझे लगा कि उन्होंने आज वास्तव में अच्छा खेला और हम अपने गेमप्लान का थोड़ा सा पालन कर सकते थे। मुझे लगा कि हमने बस एक अच्छा प्रदर्शन किया। हमें किसी भी चीज के बारे में शिकायत नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह खेल का एक अभिन्न अंग है और यह हमारे लिए एक अच्छी सीख है। हम उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं क्योंकि वे वास्तव में अच्छा खेल रहे हैं'।

### सात्विक-चिराग अब इंडिया ओपन में भाग लेंगे

इससे पहले भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन, एच एस। प्रणय, प्रियांशु राजावत, मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप, अनुपमा उपाध्याय और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को टूर्नामेंट के शुरुआती चरणों में ही बाहर कर दिया गया था। एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक-चिराग अब 14 जनवरी से शुरू होने वाले इंडिया ओपन में भाग लेंगे, जहां उनका सामना 32वें राउंड में मलेशिया के वेई चोंग मैन और काई वुन टी से होगा। पूर्व विश्व नंबर 1 जोड़ी ने 2022 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है और वे घरेलू मैदान पर इस सत्र का अपना पहला खिताब जीतने की उम्मीद कर रहे हैं।



# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 17 जनवरी से होने जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने टीम का ऐलान कर दिया है। पाकिस्तान ने 15 सदस्यीय इस टीम में 7 बदलाव किए हैं। नोमान अली, अबरार अहमद और साजिद खान की वापसी हुई है। इमाम-उल-हक और मोहम्मद हुरैरा को चोटिल सैम अयूब और खराब फॉर्म में चल रहे अब्दुल्ला शफीक की जगह मौका मिला है।

### ऐसी है पाकिस्तान की टीम

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम: शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, काशिफ अली, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), नोमान अली, रोहेल नजीर (विकेटकीपर), साजिद खान, और सलमान अली आघा। तेज गेंदबाज नसीम शाह, आमिर जमाल, मोहम्मद अब्बास और मीर हमजा को आराम दिया गया है। कासिफ अली को पहली बार टेस्ट टीम में चुना गया है। मोहम्मद अली की भी वापसी हुई है।

### पहली बार टीम में जगह बनाने वाले कासिफ कौन हैं?

कासिफ ने 20 प्रथम श्रेणी मुकाबले खेले हैं। इसकी 34 पारियों में 34.15 की औसत से 1,093 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 2 शतक और 8 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 133 रन है। लिस्ट-A क्रिकेट में इस खिलाड़ी ने 13 मुकाबले खेले हैं। इसकी 13 पारियों में 50.81 की शानदार औसत के साथ 559 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 1 शतक और 4 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 114 रन रहा है।

### ऐसी है वेस्टइंडीज की टीम

सीरीज के दोनों टेस्ट मैच मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम पर खेले जाएंगे। भारतीय समयानुसार ये मुकाबले सुबह 10 बजे शुरू होंगे। वेस्टइंडीज की टीम यह सीरीज शुरू होने से पहले 1 अभ्यास मैच भी खेल रही है। टेस्ट सीरीज के लिए ऐसी है वेस्टइंडीज की टीम: क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), जोशुआ दा सिल्वा (उप-कप्तान), एलिक अथानाज़े, कीसी कार्टी, जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, आमिर जंगू, मिकाइल लुइस, गुडाकेश मोती, एंडरसन फिलिप, केमार रोच, केविन सिंक्लेयर, जेडन सील्स और जोमेल वारिकन

### शाहीन को फिर नहीं मिला मौका

पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी दक्षिण अफ्रीका के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ भी टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं बने हैं। उन्होंने अब तक 31 टेस्ट मैच खेले हैं और 116 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/51 का रहा है।

# श्रीलंका को तीसरे वनडे में 140 रन से मिली जीत

एजेंसी । ऑकलैंड

श्रीलंका क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को आखिरी वनडे में 140 रन से हरा दिया है। इस हार के बावजूद कीवी टीम ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 9 विकेट और दूसरे मुकाबले में 113 रनों से जीत मिली थी। तीसरे वनडे में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 290/8 का स्कोर बनाया था। जवाब में न्यूजीलैंड 150 रन ही बना पाई।

### मैच का लेखा-जोखा

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पथुम निसांका (66), कुसल मेंडिस (54) और जनिथ लियानागे (53) के अर्धशतकों की मदद से टीम 290/8 का स्कोर बनाने में सफल रही। कीवी टीम के लिए मैट हेनरी ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाज 21 रन पर पवेलियन में थे। मार्क चैपमैन (81) ने अकेले संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला पाए। ईशान मलिंगा, महेश तीक्षाना, असिथा फर्नांडो ने 3-3 विकेट लिए।

## न्यूजीलैंड ने 2-1 से जीती सीरीज



### लियानागे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया पहला अर्धशतक

लियानागे ने 52 गेंदों का सामना किया और 53 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 चौके और 2 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 101.92 की रही। कीवी टीम के खिलाफ इस खिलाड़ी ने वनडे करियर में पहला अर्धशतक लगाया है। उनके वनडे करियर का यह चौथा अर्धशतक है। उन्होंने अब तक 21 मैच खेले हैं और इसकी 16 पारियों में 44.07 की औसत से 573 रन बनाने में सफल रहे हैं।

### ऐसी रही निसांका और मेंडिस की पारी

निसांका ने 42 गेंदों का सामना किया और 66 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 157.14 की रही। यह उनके वनडे करियर का 16वां अर्धशतक रहा। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस खिलाड़ी ने अपना दूसरा अर्धशतक लगाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी बनाया। मेंडिस के वनडे करियर का यह 33वां अर्धशतक रहा। उन्होंने 48 गेंदों का सामना करते हुए 54 रन बनाए। उनके बल्ले से 5 चौके और 2 छक्के निकले।

### ऐसी रही चैपमैन की पारी

चैपमैन ने 81 गेंदों का सामना किया और 81 रन बनाए। उनके बल्ले से 10 चौके और 1 छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 100 की रही। ये उनके वनडे करियर का सिर्फ तीसरा अर्धशतक रहा। उन्होंने अपने सभी अर्धशतक श्रीलंका के खिलाफ ही बनाए हैं।

### हेनरी ने पूरे किए 150 विकेट

हेनरी ने 10 ओवर गेंदबाजी की और 55 रन देकर 4 विकेट लिए। इस दौरान वह न्यूजीलैंड के लिए दूसरे सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। हेनरी ने अब तक न्यूजीलैंड के लिए 85 वनडे मैच खेले हैं। इसकी 83 पारियों में 25.43 की औसत से 150 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उनकी इकॉनमी रेट 5.17 की रही है। उन्होंने 12 बार 4 विकेट हॉल और 2 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं।



# इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं मयंक यादव



एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 22 जनवरी से 5 मैचों की टी-20 सीरीज का आगाज होने वाला है। इस सीरीज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है। तेज गेंदबाज मयंक यादव चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो सकते हैं। उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला 12 अक्टूबर 2024 को खेला था। इसके बाद से वह बेंगलुरु में अपनी चोट से उबरने का प्रयास कर रहे हैं।

### चोट से काफी परेशान रहे हैं मयंक

रिपोर्ट के अनुसार, मयंक के पीठ में समस्या है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में अपने करियर का शानदार आगाज करने वाले मयंक का चयन भारतीय टीम में हुआ था। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू भी किया था। हालांकि, 1 मैच खेलने के बाद वह चोटिल हो गए थे। इसके बाद वह सीरीज के 4 मुकाबले नहीं खेल पाए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी मयंक नहीं खेले थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सूत्र ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि मयंक को अभी पीठ में समस्या है। वह इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज तक फिट नहीं हो सकते हैं।

### अक्टूबर 2024 के बाद कोई मैच नहीं खेले मयंक

पिछले साल अक्टूबर में अपना आखिरी मुकाबला खेलने के बाद मयंक कोई भी मैच नहीं खेल हैं। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में 1 भी मैच नहीं खेल पाए। चोट के कारण वह IPL 2023 में भी नहीं खेल पाए थे। उन्हें IPL 2024 में अपना डेब्यू करने का मौका मिला था। उन्होंने अपने पहले मैच से ही तेज गति से प्रभावित किया था। उन्होंने लगातार 150 किमी/घंटा से तेज गेंदबाजी करके चौंका दिया दिया था।

### कैसा रहा है मयंक का करियर?

मयंक ने भारत के लिए 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 3 पारियों में 20.75 की औसत से 4 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी रेट 6.91 की रही है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 1 मैच में 2 विकेट लिए हैं। लिस्ट-A क्रिकेट में इस खिलाड़ी के नाम 17 मैच में 21.55 की औसत से 34 विकेट हैं।

# स्टीव स्मिथ ने कमाल की पारी खेली

एजेंसी । सिडनी

बिग बैश लीग (BBL) 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलते हुए शानदार शतकीय पारी (121) खेली है। ये उनके BBL करियर का तीसरा और टी-20 करियर का यह चौथा शतक है। उन्होंने BBL में 3 और इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में 1 शतक लगाया है। स्मिथ पर्थ स्कोचर्स के खिलाफ BBL के इस सीजन में अपना पहला मुकाबला खेल रहे थे।



### कैसी रही स्मिथ की पारी?

स्मिथ सलामी बल्लेबाज के रूप में मैच में उतरे थे। 49 रन तक टीम के 2 बल्लेबाज पवेलियन में थे। इसके बावजूद इस दिग्गज खिलाड़ी ने एक छोड़ संभाले रखा और 64 गेंदों का सामना करते हुए 121 रन बनाए। उनके बल्ले से 10 चौके और 7 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 189.06 की रही। उनकी इस धमाकेदार पारी के ही कारण सिडनी की टीम 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 220 रन बनाने में सफल रही।

### स्मिथ ने की इस रिकॉर्ड की बराबरी

स्मिथ ने 58 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और BBL में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में बेन मैकडरमोट के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। यह टूर्नामेंट में उनका तीसरा शतक रहा। उनके पिछले दो शतक 2022-23 सीजन में आए थे। हाल ही में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भी इस खिलाड़ी का बल्ला खूब चला था। उन्होंने क्रिकेट के सबसे बड़े प्रारूप में 2 शतकीय पारी खेली थी। स्मिथ ने अब तक 256 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 227 पारियों में 31 से ज्यादा की औसत के साथ 5,754 रन बनाए हैं।

# टीकू तलसानिया की तबीयत बिगड़ी

बॉलीवुड और टीवी अभिनेता टीकू तलसानिया से जुड़ी ऐसी खबर सामने आई है, जिससे उनके प्रशंसक चिंतित हो उठेंगे। दरअसल, टीकू की अचानक तबीयत खराब हो गई है। टीकू को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस खबर के बाद प्रशंसक सोशल मीडिया पर उनके जल्द से जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। अब इस पर उनकी पत्नी का बयान सामने आया है।



### प्रशंसकों को सताने लगी टीकू की चिंता

टीकू मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भती हैं। खबर आ रही थी कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। हालांकि, उनकी पत्नी दीप्ति ने बताया, 'उन्हें दिल का दौरा नहीं, बल्कि ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। वह एक फिल्म स्क्रीनिंग देखने गए थे और रात 8 बजे के आसपास उनकी तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।'

# प्रभास की शादी की खबरों को लोगों ने बताया पब्लिसिटी स्टंट

साउथ अभिनेता प्रभास अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। अफवाहें उड़ रही हैं कि तेलुगु सुपरस्टार प्रभास शादी के बंधन में बंध रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजय बालन ने एक्स पर एक करके अटकलों को हवा दे दी है, जिसमें प्रभास का नाम शादी और दुल्हन वाले इमोजी के साथ दिखाया गया है, जिससे प्रशंसक सोच में पड़ गए हैं कि क्या यह पुष्टि हो गई है या अभिनेता की आगामी फिल्म 'द राजा साब' के प्रचार का हिस्सा हैं। हालांकि, सोशल मीडिया के दूसरे वर्ग का गुस्सा फूट पड़ा है और लोगों ने कहा है कि फिल्म आने से पहले ऐसी खबरें जरूर आती हैं।



### प्रशंसकों ने जताया उत्साह

हालांकि, विजय बालन ने इस बारे में फैंस को कोई जानकारी नहीं दी है। एक प्रशंसक ने पूछा, 'क्या यह पक्का हो गया है? जबकि दूसरे ने अभिनेता को बधाई देते हुए कहा, 'आखिरकार! बधाई प्रभास सर।' एक और यूजर ने लिखा कि क्या प्रभास की होने वाली दुल्हन उनकी बाहुबली को-स्टार अनुष्का शेट्टी हो सकती हैं, जबकि एक और यूजर ने पूछा, 'प्रभास शादी कर रहे हैं? कौन लकी गर्ल है?'



# शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया पर मचाया 'भसड़'

शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म 'देवा' का रोमांचक टीजर जारी करने के बाद निर्माताओं ने आज फिल्म का पहला गाना 'भसड़ मचा' रिलीज किया है। इस धमाकेदार गाने में पूजा हेगड़े भी हैं, जो शाहिद के साथ अपने सिजलिंग मूव्स से डांस फ्लोर पर आग लगाती नजर आएंगी। यह गाना सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है और इसने पहले ही सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है।

### फिल्म का गाना हुआ रिलीज

जी म्यूजिक कंपनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर गाना पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा, 'आग लगेगी, भसड़ मचेगा। आला रे आला, देवा आला। सॉन्ग अब आ गया है। देवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' पहली ही बीट से भसड़ मचा दर्शकों को आकर्षित कर रही है।

### पूजा हेगड़े का भी दिखा धमाल

मीका सिंह की दमदार आवाज, शाहिद कपूर के हाई-ऑक्टेन डांस और पूजा हेगड़े की शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के साथ गाने में एक शानदार ट्रीट तैयार किया गया है। शाहिद अपने दमदार पुलिस वाले अवतार में बेजोड़ स्वैग दिखाते हैं, जबकि पूजा स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रही हैं। गाने में पूजा और शाहिद के किलर डांस मूव्स और उनकी कैमेस्ट्री खूब जंच रही हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### असम में एचएमपीवी का पहला केस आया सामने

**डिब्रूगढ़।** ऊपरी असम के डिब्रूगढ़ जिले में दस माह का एक बच्चा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से संक्रमित पाया गया है। असम में इस मौसम एचएमपीवी का यह पहला केस है। डिब्रूगढ़ स्थित असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एएमसीएच) में बच्चे का इलाज चल रहा है। फिलहाल डॉक्टरों ने उसकी हालत स्थिर बतायी है। एएमसीएच के अधीक्षक डॉ. ध्रुवज्योति भुइंया ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बच्चे को चार दिन पहले सर्दी संबंधी लक्षण के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि लाहोवाल स्थित आईसीएमआर-आरएमआरसी से परीक्षण के नतीजे मिलने के बाद बीते दिन एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि हुई थी।

### सेटरिंग गिरने से दो मजदूरों की मौत, छह घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शनिवार को निर्माणाधीन इमारत का ढांचा गिरने से दो मजदूरों की मौत और छह अन्य घायल हो गए। यह घटना वीआईपी रोड पर विशाल नगर इलाके में हुई, जहां बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा रहा है। रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने यह जानकारी दी। एएसपी ने बताया कि अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे इमारत की सातवीं और दसवीं मंजिल के बीच स्लैब डाला जा रहा था। तभी निर्माण कार्य के लिए बनाया गया ढांचा टूट गया। मलबे में फंसे आठ मजदूरों को बाहर निकालकर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें दो घायलों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। निर्माण सामग्री को घटनास्थल से हटाया जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई मजदूर अब भी फंसा हुआ है या नहीं।

### आप विधायक के ऑफिस स्टाफ को नोटिस

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के मामले में आप विधायक महेंद्र गोयल के ऑफिस स्टाफ को नोटिस देकर पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों व उनके लिए फर्जी कागजात बनाने वाले गैंग की गिरफ्तारी के बाद उसी मामले की जांच में आप विधायक के ऑफिस स्टाफ को नोटिस दिया गया है और मामले में उनका जवाब मांगा गया है।

### दुर्लभ सफेद गैंडे के दो सींग बरामद, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दुर्लभ सफेद गैंडे के दो सींग के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये चारों आरोपी इस सींग को बेचने के लिए सौदेबाजी कर रहे थे। बरामद सींग की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब तीन करोड़ रुपये बताई जा रही है। ये सींग अफ्रीकी देशों में पाए जाने वाले सफेद गैंडों की है। गिरफ्तार आरोपियों में लाजपत नगर निवासी दीपक शर्मा (57), उत्तम नगर निवासी सुरेश कुमार (57), संत राम (57) और अनिल कुमार सेठी (60) शामिल हैं। क्राइम ब्रांच के मुताबिक उनकी टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग दुर्लभ सफेद गैंडे के दो सींग की सौदेबाजी करने का प्रयास कर रहे हैं।

# दिल्ली शराब नीति से 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले कथित शराब घोटाले का मुद्दा फिर चर्चाओं में आ गया है। शराब नीति से जुड़ी भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट लीक हुई है। इंडिया टुडे के मुताबिक, इसमें कहा गया है कि शराब नीति से सरकार को 2026 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि नीति अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रही और इससे आम आदमी पार्टी (AAP) नेताओं को लाभ मिला।

### सरकार को कैसे हुआ करोड़ों का नुकसान?

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ खुदरा विक्रेताओं के पास शराब नीति खत्म होने तक लाइसेंस थे, जबकि कुछ ने नीति खत्म होने से ठीक पहले सरेंडर किए। इन लाइसेंसों के दोबारा टेंडर नहीं किए जाने से सरकार को 890 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके अलावा क्षेत्रीय लाइसेंसधारियों को मिली छूट के कारण 941 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कोविड प्रतिबंधों के बहाने क्षेत्रीय लाइसेंसधारियों के लिए लाइसेंस शुल्क में 144 करोड़ रुपये की छूट दी गई।

**कैग की रिपोर्ट में खुलासा**



### रिपोर्ट में और क्या-क्या कहा गया है?

रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्रियों के समूह (GoM) ने विशेषज्ञ पैनल की सिफारिशों की अनदेखी की। शिकायतों के बावजूद सभी संस्थाओं को बोली लगाने की अनुमति दी गई और इनकी वित्तीय स्थिति की जांच नहीं की गई। घाटे में चल रही संस्थाओं के लाइसेंस का भी नवीनीकरण कर दिया गया। नीति से संबंधित प्रमुख निर्णय कैबिनेट की मंजूरी या उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना लिए गए। नए नियमों को विधानसभा में प्रस्तुत नहीं किया गया।

### क्या है शराब नीति से जुड़ा मामला?

दिल्ली सरकार ने नवंबर, 2021 में नई शराब नीति लागू की थी। इसमें शराब के ठेके निजी शराब कंपनियों को दिए गए थे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस नीति में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए इसकी CBI से जांच कराने की सिफारिश की। बाद में ED भी जांच में शामिल हो गई। आरोप है कि दिल्ली सरकार ने शराब कंपनियों से रिश्वत लेकर उन्हें इस नई नीति के जरिए लाभ पहुंचाया और शराब के ठेके दिए।

### रिपोर्ट पर AAP ने क्या कहा?

आम आदमी पार्टी (AAP) सांसद संजय सिंह ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'यह CAG रिपोर्ट कहां है? ये दावे कहां से आ रहे हैं? क्या यह भाजपा कार्यालय में दाखिल की गई है? भाजपा नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। CAG रिपोर्ट पेश हुई नहीं और वे ऐसे दावे कर रहे हैं।' दिल्ली भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'AAP को विधानसभा सत्र बुलाना चाहिए। वे इसे सदन के पटल पर क्यों नहीं रख रहे हैं।'

### 176 दिन जेल में रहे हैं केजरीवाल

शराब नीति से जुड़े मामले में केजरीवाल को 21 मार्च, 2024 को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले ED ने उन्हें 9 बार समन भेजा, लेकिन वे एक भी बार ED के सामने पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। लोकसभा चुनावों के दौरान केजरीवाल अंतरिम जमानत पर 21 दिन के लिए बाहर भी आए थे। पिछले साल 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल रिहा हुए थे।

# डार्क वेब, क्रिप्टोकरंसी, ड्रोन देश के लिए चुनौती: शाह

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि डार्क वेब, क्रिप्टोकरंसी, ऑनलाइन मार्केटप्लेस और ड्रोन देश के लिए चुनौती बने हुए हैं। इनको लेकर सख्त कदम उठाने होंगे।

शाह ने मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर यहां एक क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि देश एक किलो भी मादक पदार्थ की तस्करी देश के अंदर या बाहर नहीं होने देगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने न केवल मादक पदार्थों के कई नेटवर्क को खत्म करने में सफलता पाई है, बल्कि उनसे जुड़े आतंकवाद को भी नष्ट किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश में नार्को-आतंकवाद के कई मामलों का भंडाफोड़ किया गया है। ये बड़ी उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा, डार्क वेब, क्रिप्टोकरंसी, ऑनलाइन मार्केटप्लेस, ड्रोन का इस्तेमाल आज भी हमारे लिए चुनौती बना हुआ है।



**एनसीबी की भोपाल क्षेत्रीय इकाई के दफ्तर का वर्चुअल उद्घाटन किया**

गृहमंत्री ने एनसीबी की भोपाल क्षेत्रीय इकाई के नए कार्यालय परिसर और सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एमएएनएएस-2 हेल्पलाइन के विस्तार का भी उद्घाटन किया।

### मादक पदार्थ की जब्ती में सात गुना वृद्धि हुई

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई को नई ताकत मिली है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में मादक पदार्थ की जब्ती में सात गुना वृद्धि हुई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। मोदी सरकार ने सख्त कार्रवाई के जरिये मादक पदार्थ के पूरे तंत्र को नष्ट करने का कड़ा संदेश दिया है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि 2024 में 16,914 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त करके देशभर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई की। यह नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मादक पदार्थ विनष्टिकरण पखवाड़े का शुभारंभ

शाह ने शनिवार से 25 जनवरी तक चलने वाले मादक पदार्थ विनष्टिकरण पखवाड़े का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान 8,600 करोड़ रुपये मूल्य के एक लाख किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किया जाएगा।

# कश्मीर में सुरंग का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

- **एसपीजी के साथ सुरक्षाबलों ने संभाला मोर्चा, 24 घंटे निगरानी**

**एजेंसी । श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रणनीतिक जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। इस पहले जेड-मोड़ सुरंग के आसपास और घाटी में सुरक्षा व्यवस्था काफी बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मध्य कश्मीर जिले के सोनमर्ग इलाके के गगनगीर में सुरंग के उद्घाटन के बाद एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) ने सोनमर्ग के शुटकड़ी गांव में जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन के स्थल पर सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है।




### 2,717 करोड़ से बनी 6.4 किलोमीटर लंबी सुरंग

इस उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री 6.4 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ सुरंग को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 2,717 करोड़ रुपये की लागत से बनी जेड-मोड़ सुरंग श्रीनगर और लोकप्रिय पर्यटन स्थल सोनमर्ग के बीच हर मौसम में संपर्क प्रदान करती है। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहेंगे। केंद्र सरकार जेड-मोड़ सुरंग और निर्माणाधीन 13.1 किलोमीटर लंबी जोजिला सुरंग के माध्यम से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लद्दाख को साल भर संपर्क प्रदान करने की योजना बना रही है, जिसके दिसंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। सीएम उमरअब्दुल्ला ने कहा, यह संपत्ति घाटी में शीतकालीन पर्यटन के विस्तार के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित होगी।

# देश के 52 फीसदी हिस्सों में बढ़ा भूजल स्तर



**एजेंसी । नई दिल्ली**

जल संरक्षण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों का परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। कृत्रिम पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन और कम से कम पानी का इस्तेमाल के लिए खेती के तरीकों में हो रहे बदलाव की वजह से देश के 52 फीसदी हिस्सों में भूजल स्तर में बढ़ोतरी हुआ है। केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में पेश एक रिपोर्ट में किया गया है।

एनजीटी प्रमुख प्रकाश श्रीवास्तव की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष पेश अपनी रिपोर्ट में सीजीडब्ल्यूए ने कहा है कि भूजल स्तर का पता लगाने के लिए देशभर में कुल 13,734 कुओं का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से 7,100 कुओं में भूजल स्तर बढ़ गया है, जो कुल कुओं का लगभग 52 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे राज्यों में 2013 से 2023 के बीच में 50 फीसदी से अधिक कुओं में भूजल स्तर में बढ़ोतरी हुआ है। इसमें कहा गया गया कि गुजारात में 61 फीसदी, केरल 74 फीसदी तामिलनाडु 72 फीसदी और पश्चिम बंगाल में 59 फीसदी तक कुओं में भूजल स्तर में बढ़ोतरी हुआ है।

### 48 फीसदी में भूजल के स्तर में गिरावट

रिपोर्ट के अनुसार देश के 6,625 कुओं यानी 48 फीसदी में भूजल के स्तर में गिरावट या स्थिरता देखी गई है। सीजीडब्ल्यए ने राज्यवार दशकीय भूजल स्तर में उतार-चढ़ाव, मानसून के पहले और बाद के आंकड़ों का विश्लेषण के आधार पर यह रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और सीजीडब्ल्यूए की पहलों ने बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से भूजल पुनर्भरण को बढ़ाने पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, जिसमें कृत्रिम पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन, टिकाऊ कृषि पद्धतियों और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल है। केंद्रीय भूजल प्राधिकरण ने यह रिपोर्ट उस मामले में पेश की है जिसमें एनजीटी ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया था। संयुक्त राष्ट्र ने दावा किया था कि भारत में 2025 तक भूजल स्तर में काफी गिरावट होगी और इससे पेश में पेयजल संकट हो सकता है।

# नौ इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण

- **सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर था 43 लाख का इनाम**
- **गिरोह में दो महिला भी शामिल, सभी का पुनर्वास होगा**

**एजेंसी । सुकमा**

वाले छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नौ कट्टर नक्सलियों ने शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। सुरक्षा बलों पर हमलों में शामिल होने वाले इन नक्सलियों पर 43 लाख रुपये के इनाम था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने यह जानकार दी। एसपी ने बताया कि दो महिलाओं समेत इन नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि नक्सली प्रतिबंधित संगठन के भीतर चल रही अंदरूनी कलह, खोखली विचारधारा और अमानवीयता से निराश हैं।



### इन्होंने किया सरेंडर

अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों की प्लाटून संख्या 24 के कमांडर 34 वर्षीय रनसाई उर्फ ओयम बुस्का और पीएलजीए बटालियन संख्या 1 के कंपनी विंग के सदस्य 20 वर्षीय प्रदीप उर्फ रावा राकेश पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था। चार अन्य नक्सलियों पर पांच लाख रुपये, एक महिला नक्सली पर तीन लाख रुपये और एक महिला समेत दो अन्य पर दो-दो लाख रुपये का इनाम था।

### बड़े हमलों में शामिल था रनसाई गैंग

एसपी ने बताया कि रनसाई बड़े हमलों में शामिल था, जिसमें 2007 में नारायणपुर जिले के झारा घाटी हमले में सात पुलिसकर्मी मारे गए थे। वहीं 2007 में रानीबोदली (बीजापुर) हमले में 55 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 2017 में बुर्कापाल (सुकमा) हमले में सीआरपीएफ के 25 जवान बलिदान हुए। 2020 में मिनपा घात (सुकमा) में 17 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। आत्मसमर्पण करने वाले अन्य नक्सली सुरक्षा बलों पर कई हमलों में भी शामिल थे।

# पीएम मोदी आज 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में होंगे शामिल

- **एक लाख गैर राजनीतिक युवाओं को सियासत में लाना मकसद**
- **प्रधानमंत्री पूरा दिन प्रतिभागियों के साथ बिताएंगे**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में भाग लेंगे। वह पूरा दिन इसमें शामिल प्रतिभागियों के साथ बिताएंगे। यह कार्यक्रम बिना राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के उनके (प्रधानमंत्री के) प्रयासों का हिस्सा है।



### 3,000 युवा नेताओं के साथ करेंगे बातचीत

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया जा रहा है, जो स्वामी विवेकानंद की जयंती है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी पूरे भारत के 3,000 युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। मोदी ने एक्स पर कहा कि वह पूरा दिन अपने युवा मित्रों के साथ बिताएंगे। बातचीत और दोपहर के भोजन के दौरान वे विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं से उनकी मुलाकात होगी उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और अन्य चीजों के प्रति काफी जुनून दिखाया है।

# कोंडापोचम्मा सागर जलाशय में डूबने से 5 युवकों की मौत

**एजेंसी । सिद्दीपेट**

तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में शनिवार को कोंडापोचम्मा सागर जलाशय में सेल्फी लेने के दौरान डूबने से 2 सगे भाइयों सहित 5 युवकों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य को बचा लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डूबे युवकों के शवों को निकलाने का काम शुरू किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ऐसे में पास के क्षेत्र से गोताखोरों को बुलाकर शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतकों में मुशीराबाद निवासी धनुष (20), उसका छोटा भाई लोहित (17), साहिल (19), खैरताबाद निवासी जतिन (17) और कवडीगुडा निवासी चीकटला धनेश्वर (17) शामिल है। इसी तरह मुशीराबाद निवासी मोहम्मद इब्राहिम (20) और कोमारी मृगांक (17) को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि सातों युवक शनिवार सुबह छुट्टी का पर घूमने के लिए हैदराबाद से जलाशय पर पहुंचे थे। उसी दौरान सेल्फी लेने के प्रयास में यह दर्दनाक हादसा हो गया।



# नाबालिग के साथ 64 लोगों ने 4 साल तक किया बलात्कार

**एजेंसी । पथानामथिट्टा**

केरल में एक चौंकाने वाली घटना का खुलासा हुआ है। यहां के पथानामथिट्टा में एक नाबालिग के साथ 4 साल तक 64 लोगों द्वारा बलात्कार करने की घटना सामने आई है। आरोपियों में लड़की से साथ स्कूल में पढ़ने वाले लड़के, उसके कोच, ट्रेनर, पड़ोसी और रिश्तेदार तक शामिल है। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है और अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।



### जिला स्तरीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेती है पीड़िता

पीड़िता 2 महीने पहले ही 18 साल की हुई है। स्पोर्ट्स टीम में शामिल होने के बाद उसने अपने साथ हुई दरिंदगी के बारे में कोच को बताया था, लेकिन कोच ने मदद करने के बजाय पीड़िता का यौन शोषण किया। कथित तौर पर पीड़िता ने रिश्तेदारों से घटना का जिक्र किया तो उन्होंने भी उसे हवस का शिकार बनाया।

### 13 साल की उम्र से हो रहा यौन शोषण

रिपोर्ट्स के मुताबिक, लड़की ने बताया कि पहली बार उसका यौन शोषण 2019 में उसी के स्कूल में पढ़ने वाले एक लड़के ने किया था। तब पीड़िता की उम्र 13 साल थी। इसके बाद यौन शोषण करने वाले लड़के ने अपने दोस्तों को बताया। उन्होंने भी पीड़िता को धमकाकर उसे प्रताड़ित किया। बाद में लड़की ने स्कूल की स्पोर्ट्स टीम में हिस्सा लिया। यहां भी कोच और ट्रेनर ने पीड़िता के साथ गलत काम किए।

# जेएनयू में शराब और हुक्का पार्टी

**प्रशासन ने 2 छात्रों पर लगाया 1.79 लाख का जुर्माना**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) प्रशासन ने छात्रावास के 2 छात्रों पर बाहरी लोगों को प्रवेश देकर शराब और हुक्का पार्टी सहित अन्य नियमों के उल्लंघन के आरोप में 1.79 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रशासन की ओर से 8 जनवरी को दोनों छात्रों को जारी किए गए नोटिस में 5 दिन में जुर्माना राशि जमा कराने के आदेश दिए हैं और जुर्माना न भरने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।



### JNU प्रशासन ने नोटिस में क्या लिखा?

एक छात्र को जारी नोटिस में कहा गया है, 'आपके कमरे में 12 बाहरी लोग शराब पीते और छात्रावास में उत्पात मचाते पाए गए थे। यह छात्रावास के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। ऐसे में आप पर 80,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।' जुर्माना राशि में बाहरी लोगों प्रवेश के लिए 60,000 रुपये, उत्पात मचाने के लिए 10,000, इंडक्शन स्टोव और हीटर इस्तेमाल के लिए 6,000, शराब पीने के लिए 2,000 और हुक्के के लिए 2,000 रुपये शामिल हैं।



# मैं चुनाव लड़ता तो ट्रंप को हरा देता : जो बाइडन

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह नवंबर में हुए आम चुनावों में ट्रंप को हरा देते। लेकिन उन्होंने डेमोक्रिटिक पार्टी की एकजुटता के लिए चुनाव के बीच उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया।